हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 17 जून 2026

तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 28.7 डिग्री

18 अभनपुर-कुरुद नई ब्रॉडगेज लाइन का स्पीड...

18 जोन 5 के नाला निर्माण का पार्ट हुआ पूरा, 2 स्ट्रीट पोल....


# 3,208 पन्नों में आया रिजल्ट, नौकरी मिलेगी सिर्फ 200 को, 1.60 लाख से अधिक अभ्यर्थी हुए थे शामिल

*मंडी उपनिरीक्षक भर्ती ने दिखाई सरकारी नौकरी की दीवानगी*

*व्यापमं ने ली है परीक्षा, रिजल्ट के बाद अब होगी भर्ती*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में एक भर्ती परीक्षा का परिणाम इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। वजह सिर्फ यह नहीं है कि इसमें लाखों अभ्यर्थी शामिल हुए थे, बल्कि यह भी है कि परिणाम जारी करने के लिए 3,208 पन्नों का दस्तावेज तैयार करना पड़ा। यह परिणाम छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा का है, जिसमें 200 पदों के लिए 1 लाख 60 हजार 395 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी।

रिजल्ट की लंबाई अपने आप में इस भर्ती परीक्षा के आकार की कहानी कहती है। यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन 100 पन्ने भी पढ़े, तो पूरी सूची देखने में एक महीने से अधिक समय लग सकता है। दरअसल, परिणाम में शामिल अभ्यर्थियों की संख्या इतनी अधिक थी कि सूची हजारों पन्नों तक पहुंच गई।




### 200 नौकरियां 1.60 लाख दावेदार

मंडी बोर्ड में उपनिरीक्षक के 200 पदों पर भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों की संख्या राज्य के कई छोटे शहरों की आबादी के बराबर है। आंकड़ों के अनुसार एक पद के लिए करीब 802 उम्मीदवार दावेदारी कर रहे थे। यानी अंतिम चयन की संभावना एक प्रतिशत से भी कम रही। यह आंकड़ा बताता है कि सरकारी नौकरी की एक छोटी सी भर्ती भी लाखों युवाओं को आकर्षित कर रही है। स्थायी रोजगार, नियमित वेतन और सामाजिक सुरक्षा आज भी युवाओं के लिए सरकारी सेवाओं को सबसे पसंदीदा विकल्प बनाए हुए हैं।

### रिजल्ट से दिखी बेरोजगारी और उम्मीदों की तस्वीर

3,208 पन्नों का यह परिणाम केवल एक प्रशासनिक दस्तावेज नहीं है। यह छत्तीसगढ़ के युवाओं की आकांक्षाओं का दस्तावेज भी है। हर पन्ने पर सैकड़ों ऐसे नाम दर्ज हैं जो सरकारी नौकरी के सपने के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचे थे। रोजगार विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य में सरकारी भर्तियों के लिए लगातार बढ़ती प्रतिस्पर्धा इस बात का संकेत है कि बड़ी संख्या में युवा अब भी स्थायी सरकारी रोजगार को अपने करियर का सबसे सुरक्षित विकल्प मानते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर बड़े शहरों तक यही प्रवृत्ति दिखाई दे रही है।

### हजारों पन्नों में दर्ज लाखों उम्मीदें

मंडी उपनिरीक्षक भर्ती का यह परिणाम संभवतः अपने आकार के कारण लंबे समय तक याद रखा जाएगा। लेकिन 3,208 पन्नों की इस सूची की सबसे बड़ी कहानी इसके आकार में नहीं, बल्कि उन 1.60 लाख से अधिक युवाओं की उम्मीदों में छिपी है, जिन्होंने 200 पदों के लिए किस्मत आजमाई। आखिरकार, हजारों पन्नों में दर्ज इन नामों में नौकरी सिर्फ 200 लोगों को मिलनी है, जबकि बाकी अभ्यर्थियों के लिए सरकारी नौकरी की तलाश का सफर अभी जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### दो चोरों समेत तीन गिरफ्तार, 13 वाहन जब्त

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में दोपहिया वाहन चोरी करने वाले दो चोरों के साथ एक खरीदार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से कुल 13 दोपहिया वाहन जब्त किए गए हैं, जिसकी कुल कीमत 5 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में संतोष कुमार गुप्ता निवासी आदर्श नगर पंडरी एवं अशरफ अली निवासी फोकटपारा वाहन चोरी कर क्रेता फैजान खान निवासी कुंदरापारा गुढ़ियारी को बेचा करते थे। इस चोरी के मामले में आरोपियों के विरुद्ध तेलीबांधा, खम्हारडीह एवं सरस्वती नगर थाने में अपराध पंजीबद्ध है।

### कारोबारी के अकाउंटेंट से दस लाख की लूट

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के नवा रायपुर से ललित महल आने वाले मार्ग पर कारोबारी प्रशांत अग्रवाल के अकॉउंटेंट सागर डहरिया से 10 लाख की लूट होने का मामला सामने आया। अकॉउंटेंट के अनुसार, वह लेबर पेमेंट लेकर आ रहा था, इस दौरान दो नकाबपोश बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर रोका। उसके बाद चाकू की नोक पर धमकाते हुए नोटों से भरा बैग लूटकर ले गए। मौके पर पहुंची मंदिर हसौद पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने नाकेबंदी की है।

### पिंक पेट्रोल यूनिट की तत्परता से बिछड़ा मासूम मां से मिला

**रायपुर।** पिंक पेट्रोल यूनिट की संवेदनशीलता एवं तत्परता ने मां से उसके बिछड़े बच्चे को मिलाया। मरही माता मंदिर पॉइंट के पास मध्य जोन के पिंक पेट्रोल यूनिट को लगभग 5 वर्ष का एक बालक लावारिस अवस्था में रोते हुए मिला। टीम ने बच्चे से उसके माता-पिता एवं घर के बारे में पूछा तो उसने अपना नाम आराध्य गुप्ता बताया, लेकिन घबराहट के कारण अपनी मां एवं अन्य जानकारी स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहा था। टीम ने इसके बाद बच्चे को साथ लेकर आसपास के क्षेत्र में उसकी मां एवं परिजनों की तलाश की तो बच्चे की मां पिंकी गुप्ता निवासी भैरव नगर मेकाहारा परिसर के अंदर मिली, जो अपने बच्चे को ढूंढ रही थी। महिला ने बताया कि वह अपने इलाज के लिए मेकाहारा आई हुई थी।

# सराफा कारोबार 80 फीसदी चौपट, निवेशक भी हुए दूर, रोज का 25 करोड़ निवेश घटा

*आम खरीदार पहले ही दूर, अब शादियों के लिए ही जरूरत की खरीदारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में रोज सोने और चांदी का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें से करीब 30 करोड़ का कारोबार निवेश से ही होता है। अब निवेशकों ने हाथ खड़े कर दिए हैं, तो रोज करीब 25 करोड़ का कारोबार प्रभावित हो गया है। 80 फीसदी निवेश भी बंद हो गया है। यही नहीं, आम खरीदारी भी बहुत कम होने के कारण सराफा कारोबारियों की हालत खराब हो गई है। आम खरीदारी भी 80 फीसदी कम हो गई है। जिनको शादी के लिए जरूरत है, वही खरीदारी हो रही है। कुल मिलाकर रोज का कारोबार अब दस करोड़ से भी कम का रह गया है। चांदी के आयात पर प्रतिबंध के कारण इसके दाम बढ़ने की संभावना थी, लेकिन अब दाम कम हो गए हैं। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में सराफा का बड़ा कारोबार निवेश से ही चलता है। यहां पर रोज का जितना कारोबार होता है, उसमें से 60 फीसदी हिस्सा निवेश का रहता है। सोने और चांदी के बढ़ते दाम के कारण निवेश में लगातार इजाफा हुआ है, लेकिन अब बीते करीब एक माह से निवेशकों ने भी निवेश से तौबा कर ली है। काफी कम निवेशक ही निवेश कर रहे हैं।

### 80 फीसदी कारोबार प्रभावित

सोने और चांदी के निवेशकों के साथ ही आम खरीदारी भी अब 80 फीसदी प्रभावित हो गई है। शादियों के कारण 20 फीसदी खरीदारी हो रही है। इसका सीजन समाप्त होने के बाद कारोबार और कम हो जाएगा।

- **कमल सोनी,** अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन



### कारोबार चौपट

सराफा कारोबारियों के मुताबिक सराफा का कारोबार तो अब पूरी तरह से चौपट ही हो गया है। आम खरीदारी सोने और चांदी के बढ़ते दाम के कारण पहले ही कम हो गई है। अब तो चांदी का आयात बंद होने के बाद चांदी का आना भी बंद हो गया तो इसका कारोबार नहीं के बराबर हो रहा है। इसी के साथ सोने के जेवरों की खरीदारी भी नहीं के बराबर हो गई है। आम लोग जो पहले सोने और चांदी में निवेश करने के लिए सोना और चांदी खरीदते थे, उनकी खरीदारी पूरी तरह से बंद है। अब कोई भी इसमें निवेश नहीं करना चाहता है। बड़े निवेशकों ने भी निवेश लगभग बंद कर दिया है। जिन कारोबारियों के यहां रोज एक करोड़ का कारोबार होता है, उनका रोज का कारोबार अब 20 लाख का भी नहीं हो रहा है। छोटे कारोबारियों को कई बार बोहनी के भी लाले पड़ रहे हैं। अब तो अगले माह से शादियों का सीजन भी समाप्त हो जाएगा और हालत और खराब हो जाएगी। इस समय शादियों के लिए थोड़ी-बहुत खरीदारी हो रही है।

### दाम बढ़े नहीं घटे

चांदी पर बीते माह 16 मई से प्रतिबंध लगा है। इसके एक दिन पहले चांदी के दाम 287600 रुपए थे। चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि चांदी का आयात बंद होने से निवेशकों की चांदी बाहर आएगी तो दाम बढ़ेंगे। लेकिन दाम बढ़ने के स्थान पर कम हो गए हैं। इस समय चांदी के दाम 259750 रुपए हैं। इसी के साथ सोने के दाम भी कम ही हुए हैं। सोना एक माह पहले 166600 रुपए था, यह अब 155650 रुपए हो गया है। श्री लाहोटी के मुताबिक डिमांड कम होने के कारण दाम कम हो रहे हैं और कारोबार भी नहीं हो रहा है।

# मानसून अभी दूर, नमी बढ़ा रही 2 डिग्री गर्मी, रायपुर में बने ग्रीष्मलहर के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राजधानी के साथ माना में भी तापमान सामान्य से करीब 5 डिग्री अधिक
- दोपहर बाद हुई हल्की बारिश ने बढ़ाई चिपचिपाहट, असर सीमित क्षेत्र में

मानसून के छत्तीसगढ़ से दूर होने की वजह से राजधानी रायपुर में ग्रीष्मलहर जैसे हालात बनने लगे हैं। शहर के अलावा माना में भी अधिकतम तापमान 40 और सामान्य से 5 डिग्री अधिक होने की वजह से ग्रीष्मलहर के नियमों को पूरा कर रहा है। इसके अलावा अरब सागर से आने वाली नमी गर्मी को 2 डिग्री तक बढ़ा रही है। मंगलवार को रायपुर में दोपहर बाद हल्की बारिश हुई, जिसने चिपचिपाहट को और बढ़ा दिया।

मानसून की गति ठहर सी गई है और उसका प्रभाव देश के उन इलाकों में भी नहीं दिख रहा है, जहां इसके पहुंचने की घोषणा हो चुकी है। छत्तीसगढ़ से मानसून ने तो काफी दूरी बना रखी है। जून के महीने वो भी दूसरे पखवाड़े में यहां ग्रीष्मलहर जैसे हालात बने हुए हैं। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री या उससे अधिक हो, साथ ही सामान्य से उसका अंतर 4.5 या उससे ज्यादा हो, तो उस इलाके को ग्रीष्मलहर से प्रभावित माना जाता है। रायपुर के अलावा माना और बिलासपुर में भी उस जैसी स्थिति ▶▶|शेष पेज 17 पर

# आवारा पशुओं का शहर में बढ़ा आतंक, सांड के हमले में युवक घायल, रोका छेका अभियान बस नाम का रह गया

## बाजार, सार्वजनिक स्थल, चौराहों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा

*निगम का स्वास्थ्य विभाग बेसुध, मवेशियों को पकड़ने के नाम पर खानापूर्ति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर को आवारा मवेशियों और सांड के उत्पात से बचाने के मामले में नगर निगम प्रशासन फिसड्डी साबित हो रहा है। शहर के बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों, चौराहों और प्रमुख मार्गो पर मवेशियों के झुंड के कारण राहगीर, दोपहिया व तिपहिया चालक परेशान हैं। भाठागांव, पुरानी बस्ती, अमीनपारा, लिली चौक आमापारा बाजार, डगनिया बाजार, गोल चौक, मालवीय रोड, गोलबाजार सहित अन्य इलाकों में सांडों की बीच सड़क में लड़ाई और उत्पात से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। मवेशियों की धरपकड़ का अभियान इन दिनों ठप पड़ा है, जिसके कारण शहरवासी अपनी सुरक्षा को लेकर सशंकित हैं। लाखेनगर क्षेत्र के मुकुट नगर इलाके में आवारा मवेशी और कुत्तों के आतंक से लोग परेशान हैं। मुकुटनगर निवासी बाबू पांडे सांड के हमले में घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। नगर निगम जोन 5 क्षेत्र स्थित लाखे नगर क्षेत्र के मुकुट नगर में आवारा पशुओं और कुत्तों से लोग त्रस्त हैं। कॉलोनीवासियों का कहना है कि सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों के कारण लोगों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी ही घटना मुकुट नगर निवासी बाबू पाण्डेय के साथ हुई वे सांड के हमले में घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। लोगों का कहना है कि मुकुटनगर, लाखेनगर क्षेत्र सहित अन्य रहवासी कॉलोनी की सड़कों पर बड़ी संख्या में आवारा मवेशी और कुत्ते घूमते रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। विशेष रूप से छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को घर से बाहर निकलने में भय महसूस होता है। शाम के समय स्थिति और अधिक ▶▶|शेष पेज 17 पर



### काउकेचर की टीम भेजेंगे

जोन 5 क्षेत्र में सड़कों पर मवेशियों के झुंड हटाने और सांड पकड़ने काउकेचर की टीम भेजी जाएगी, इसके लिए संबंधित जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करेंगे, ताकि इस तरह की घटना न हो।

- **डॉ. तृप्ति पाणिग्रही,** स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर

## पांच साल पहले भी अदरक के दाम 200 रुपए तक गए थे

# अदरक-लहसुन भी तीखा, दोनों के दाम 200 के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महंगाई है कि थमने का नाम नहीं ले रही है। रोज किसी न किसी सामान पर महंगाई की मार पड़ रही है। अब किचन के काम के लिए महत्वपूर्ण अदरक और लहसुन पर महंगाई की बड़ी मार पड़ी है। इसके दाम अब सीधे डबल होकर दो सौ रुपए के पार हो गए हैं। करीब एक माह पहले इनके दाम चिल्हर में ही 120 रुपए थे, लेकिन इसके दाम 240 रुपए हो गए हैं। अदरक की फसल जहां खराब होने की बात की जा रही है, वहीं लहसुन में घाटे के कारण इसकी फसल इस बार कम लगाई गई है। आम आदमी के काम की सारी चीजों ▶▶|शेष पेज 17 पर

### दाम बढ़े हैं

अदरक के दाम में भारी इजाफा हो गया है। थोक में अच्छी क्वालिटी की अदरक के दाम 150 रुपए और लहसुन के 150 से 160 रुपए हैं। पांच साल पहले भी अदरक के दाम चिल्हर में 200 रुपए तक गए थे।

- **टी. श्रीनिवास रेड्डी,** अध्यक्ष, डूमरतराई थोक सब्जी मंडी



### लहसुन के दाम भी बढ़े

लहसुन की सफल जब इस बार नए साल में आई थी तो पहले इसके दाम कुछ ज्यादा थे, लेकिन बाद में इसके दाम बहुत कम हो गए और थोक 50 से 70 रुपए किलो और चिल्हर में 80 से 100 रुपए किलो बिक रही थी। लेकिन अब इसके दाम भी डबल हो गए हैं। थोक में अच्छी क्वालिटी की लहसुन के दाम 150 से 160 रुपए और चिल्हर में किलो लेने पर 200 रुपए और एक पाव के 60 रुपए लग रहे हैं।

### अदरक थोक में 150 रुपए

अदरक के दाम एक माह पहले थोक में 50 से 60 रुपए तक और चिल्हर में 80 से 100 रुपए किलो थे। एक सप्ताह पहले ही इसके दाम चिल्हर में 120 रुपए किलो थे, लेकिन अब इसके दाम चिल्हर में 50 से 60 रुपए पाव हो गए हैं। यानी चिल्हर में अब अदरक के दाम 200 से 240 रुपए हो गए हैं। आधा किलो लेने पर सौ रुपए और एक किलो लेने पर 200 रुपए दाम लग रहे हैं। थोक कारोबारियों के मुताबिक अदरक के दाम थोक में ही 150 रुपए हो गए हैं। दाम इतने ज्यादा होने का कारण यह बताया जा रहा है कि इस बार फसल खराब होने के कारण दाम बढ़ गए हैं। अपने प्रदेश में अदरक बेंगलुरु और राजस्थान से आती है। अभी लोकल फसल नहीं आती है।



## खबर संक्षेप

### गुमा में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर 17 से

**धरसींवा / कूंरा।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) शासकीय आयुर्वेद औषधालय, तेंदुआ के तत्वावधान में ग्राम गुमा में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर एवं स्वास्थ्य प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 17 जून से 21 जून तक शासकीय प्राथमिक शाला गुमा में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित होगा। शिविर के दौरान आम लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं जैसे एनीमिया (खून की कमी), अम्लपित्त (एसिडिटी), वातव्याधि (जोड़ों व नस का दर्द), तनाव (स्ट्रेस), मोटापा, थायराइड, मधुमेह (शुगर) उच्च रक्तचाप (हाई बीपी) उपरोक्त बीमारियों से बचाव और उनके नियंत्रण के लिए विशेष योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही, प्रतिभागियों को उनकी बीमारियों के अनुसार व्यक्तिगत योगाभ्यास की जानकारी और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाएगा।

### खौली-टेमरी में योग शिविर कल से

**आरंग।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में संचालनालय आयुष एवं जिला आयुष अधिकारी रायपुर के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) द्वारा ग्राम खौली एवं टेमरी में 17 से 21 जून तक पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। दोनों शिविर प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित होंगे और इनमें ग्रामीणों को योग, प्राणायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्राम खौली में शिविर का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया जाएगा। यहां आयुष विभाग के चिकित्सक डॉ. अशोक बांधे तथा योग प्रशिक्षक नीतू जोशी प्रतिभागियों को योगाभ्यास, प्राणायाम और स्वास्थ्य संवर्धन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करेंगे। वहीं ग्राम टेमरी में शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में आयोजित शिविर में आयुष विभाग की चिकित्सक डॉ. वंदना डकाहा एवं योग प्रशिक्षक कुन्ती साहू प्रशिक्षण देंगी। शिविर प्रभारी डॉ. वंदना डकाहा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाना तथा नियमित योगाभ्यास के जरिए संतुलित एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठजनों से अपील की है कि वे इन निःशुल्क शिविरों में भाग लेकर योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ एवं निरोग जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएं।

### बनचरौदा में 5 दिवसीय योग शिविर 17 जून से

**आरंग।** ग्राम बनचरौदा में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित शर्मा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर छटेरा के तत्वावधान में 17 से 21 जून तक पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9 बजे तक किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि वर्तमान की व्यस्त और तनावपूर्ण जीवनशैली के कारण लोग मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायराइड, वात रोग, कमर दर्द, अपच, कब्ज, मानसिक अवसाद और अनिद्रा जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

# मानसून से पहले ही बिजली विभाग के छूटे पसीने, हल्की हवा चलते ही अंचल में ब्लैकआउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

अभी छत्तीसगढ़ में मानसून ने ठीक से दस्तक भी नहीं दी है, लेकिन धरसींवा विकासखंड में बिजली विभाग के पसीने छूटने लगे हैं। मौसम में आए जरा से बदलाव, हल्की सी मद्धम हवा और चंद बूंदों की फुहारों ने ही क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह घुटनों पर ला दिया है। आलम यह है कि आसमान में बादल छाते ही पूरा इलाका घने अंधेरे के आगोश में समा जाता है। एक तरफ प्रदेश में 'सुशासन' का ढिंढोरा पीटा जा रहा है, तो दूसरी तरफ धरातल पर बिजली विभाग का यह लचर और गैर-जिम्मेदाराना रवैया स्थानीय ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बन चुका है।

## व्यवस्था नहीं सुधरी तो ग्रामीण करेंगे विद्युत कार्यालय का घेराव

### जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं

*हैरानी की बात तो यह है कि जनता की इस सुलगती समस्या को लेकर जब सरकार के महत्वाकांक्षी 'सुशासन तिहार' में बकायदा लिखित शिकायतें दर्ज कराई गईं, तब भी व्यवस्था टस से मस नहीं हुई। शिकायतों का अंबार लगने और आला अधिकारियों के संज्ञान में मामला होने के बावजूद धरसींवा विद्युत मंडल के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। हर बार शिकायत करने पर केवल 'तकनीकी खराबी' या 'फाल्ट सुधारने' का रटा-रटाया बहाना थमा दिया जाता है। सुशासन के मंचों पर बड़े-बड़े वादे करने वाले अधिकारियों की यह उदासीनता साफ दर्शाती है कि उन्हें जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है। अब स्थानीय नागरिकों के सब्र का बांध पूरी तरह टूट रहा है। क्षेत्रवासियों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस अघोषित बिजली कटौती पर लगाम नहीं कसी गई और व्यवस्था नहीं सुधरी, तो वे विद्युत कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।*



### सुधार कार्य हो रहा है

श्री उपेंद्र वैष्णव जूनियर इंजीनियर विद्युत मण्डल धरसींवा ने कहा की मौसम बदलने और हल्की आंधी-पानी के कारण लाइन में कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसकी वजह से बिजली बंद हो रही है। हमारी टीम ने मौके पर जाकर फाल्ट को सुधार कार्य करते है। उपभोक्ताओं की शिकायतों पर तुरंत ध्यान दिया जा रहा है और क्षेत्र में बिजली सप्लाई को सामान्य बनाए रखने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।

मानसून पूर्व की इस बदहाली ने विभाग के उन तमाम दावों की कलई खोलकर रख दी है, जिनमें करोड़ों रुपये खर्च कर मेंटेनेंस करने की बातें कही जाती हैं। क्षेत्र में सबसे ज्यादा त्राहि-त्राहि रात के वक्त मची हुई है। दिनभर की भीषण गर्मी और उमस से बेहाल लोग जब रात को चैन की नींद सोने की उम्मीद करते हैं, ठीक उसी वक्त अघोषित बिजली कटौती का तांडव शुरू हो जाता है। रोज रात को तीन से चार घंटे तक बिजली का गुल रहना अब इस इलाके की नियति बन चुका है। इस कड़कड़ाती उमस में बिना पंखे और कूलर के रातें गुजारना छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के लिए किसी यातना से कम नहीं है। रात भर जागने के कारण लोगों का जनजीवन और स्वास्थ्य दोनों बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

## साजिश: नाबालिग को न्याय दिलाने के बजाय मामले को दबाने नेताओं ने की थी 1.30 लाख में डील

# दुष्कर्म कांड: सौदेबाजी के आरोप में चबन्नी गिरफ्तार, अब तक 8 आरोपी सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

सिलयारी क्षेत्र के बहुचर्चित नाबालिग दुष्कर्म मामले में पुलिस ने एक और महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए सौदेबाजी के आरोप में आठवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने भूषण यादव उर्फ चबन्नी को हिरासत में लिया है। आरोप है कि वह मामले को दबाने और समझौता कराने के प्रयास में शामिल था। पुलिस के अनुसार, नाबालिग से दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद आरोपियों को बचाने और मामले को रफा-दफा करने के लिए कथित तौर पर आर्थिक लेन-देन किया गया था। जांच के दौरान इस सौदेबाजी से जुड़े

■ वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया



कई तथ्य सामने आने के बाद लगातार गिरफ्तारियां की जा रही हैं। इस मामले में इससे पहले कथित पत्रकार उस्मान सैफी, एक कांग्रेस नेता, एक भाजपा नेता, दुष्कर्म के दो मुख्य आरोपी, पीड़िता के दादा सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं विवेचना में लापरवाही पाए जाने पर सिलयारी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जितेंद्र दुबे को निलंबित कर दिया गया था।

**वायरल वीडियो के बाद तेज हुई जांच :** मामले में नया मोड़ उस समय आया जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कथित रूप से सौदेबाजी से जुड़े लोगों के बीच रकम का लेन-देन दिखाई दिया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया और एक-एक कर आरोपियों की गिरफ्तारी शुरू की। जांच में यह भी सामने आया कि पीड़िता के दादा से समझौते की बातचीत कराने में कुछ स्थानीय लोगों की भूमिका रही। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और मामले से जुड़े अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की भी पड़ताल की जा रही है।

**भाजपा नेता पर भी आरोप :** पुलिस जांच में भाजपा मंडल मंत्री चंद्रशेखर यदु का नाम भी सामने आया है। आरोप है कि उन्होंने समझौते की प्रक्रिया में भूमिका निभाई थी। वायरल वीडियो में उन्हें कथित रूप से पीड़िता के दादा को 1 लाख 30 हजार रुपये देते हुए देखा गया था। हालांकि मामले की अंतिम पुष्टि न्यायालयीन प्रक्रिया और पुलिस जांच के निष्कर्षों पर निर्भर करेगी।

### चौकी प्रभारी पहले ही हो चुके हैं निलंबित

गौरतलब है कि मामले की जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में सिलयारी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जितेंद्र दुबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय रायपुर (ग्रामीण) से संबद्ध किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की प्रारंभिक जांच कर निर्धारित समय में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कर रही है और मामले में आगे भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# 98 पौवा शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आबकारी विभाग ने अवैध शराब के परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में विदेशी मदिरा बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम कुटेला में कार्रवाई करते हुए दो युवकों प्रदीप बांधे (26 वर्ष), पिता लखेश्वर बांधे, निवासी पलारी तथा महेंद्र सोनवानी (26 वर्ष), पिता प्रेमशंकर सोनवानी, निवासी पलारी को अवैध रूप से शराब का परिवहन करते हुए पकड़ा। जांच के दौरान आरोपियों के कब्जे से 98 पाव गोवा ब्रांड विदेशी मदिरा बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 17.64 बल्क लीटर है। आबकारी अमले ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक प्रीति कुशवाहा, ईएसआई सुशील चंद्राकर, प्रधान आरक्षक दिगंबर बूरा तथा आरक्षक कृष्णकांत गढ़वाल और ऋत्विक खोबरागढ़े का विशेष योगदान रहा।

# अभनपुर में बैंक मित्र और च्वॉइस सेंटर संचालक से लूट, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

थाना अभनपुर क्षेत्र में बैंक मित्र एवं च्वाईस सेंटर संचालक को निशाना बनाकर लूट की दो सनसनीखेज वारदातों को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूट की नगदी राशि, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन तथा दो चाकू बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार पहली घटना 1 जून 2026 को हुई थी। ग्राम बिरोदा निवासी एवं खोरपा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में बैंक मित्र के रूप में कार्यरत पोषण लाल साहू बैंक से छुट्टी के बाद अपने दोपहिया वाहन से दो लाख रुपये लेकर घर जा रहे थे। ग्राम सारखी और बिरोदा के बीच पुलिया के पास दो युवकों ने उनकी मोटरसाइकिल रोककर चेहरे पर मिर्ची पाउडर फेंकने का प्रयास किया तथा चाकू जैसी नुकीली वस्तु दिखाकर बैग में रखी दो लाख रुपये की नकदी, मोबाइल फोन और चाबी लूटकर फरार हो गए थे। दूसरी घटना 14 मार्च 2026 को हुई थी। दम्मानी कॉलोनी नवापारा निवासी उमेन्द्र कुमार देवांगन, जो अभनपुर में तुसीका च्वाईस सेंटर एवं गिफ्ट स्टोर का संचालन करते हैं, दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। ग्राम हसदा मोड़ के पास दो युवकों ने उनका रास्ता रोककर चाकू अड़ाया और जान से मारने की धमकी देते हुए डेढ़ लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया था। विरोध करने पर उमेन्द्र कुमार के हाथ में चोट भी आई थी।

दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना अभनपुर पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी



फुटेज, मुखबिर सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान कर योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर चारों को गिरफ्तार किया। कर्ज **चुकाने के लिए बना डाला लुटेरों का गैंग :** पूछताछ में मुख्य आरोपी पिंटू उर्फ देशबंधु नेताम ने अत्यधिक कर्ज होने के कारण अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी पूर्व में मारपीट और अपहरण के मामलों में जेल भी जा चुका है। आरोपियों से अन्य लूट की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में परमानंद साहू पिता बिसहत राम साहू उम्र 26 साल निवासी सारखी, टेकराम उर्फ टीकू धीवर पिता प्रकाश धीवर उम्र 30 साल निवासी सारखी, पिंटू उर्फ़ देशबंधु पिता स्वर्गीय डॉक्टर नेताम उम्र 30 साल निवासी सारखी, योगी राज सोनवानी पिता मिथलेश उम्र 18 साल निवासी सकरी शामिल है। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

# रीवां में पुस्तक पाकर बच्चों के खिले चेहरे

**आरंग।** मंगलवार को स्कूल खुलते ही स्कूलों में रौनक देखने को मिली। स्कूल खुलने के पहले दिन ही शासकीय महात्मा गांधी हायर सेकंडरी स्कूल रीवा में छात्रों को पुस्तक वितरण किया गया। वहीं पहले ही दिन पुस्तक मिलने से बच्चों के चेहरे खिले हुए दिखे। इस मौके पर एसएमडीसी अध्यक्ष व जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर छात्रों का उत्साह बढ़ाया। एसएमडीसी अध्यक्ष नंदकुमार साहू, सरपंच घंसियाराम साहू, उपसरपंच सूरज साहू, एसएमडीसी सदस्य दूजेराम साहू, अश्वनी चंद्राकर, प्राचार्य रामेश्वर चंद्राकर सहित समस्त शाला स्टाफ व बच्चों की उपस्थिति रही।



## सियान जतन शिविर...



**टेकारी(जुलूम)।** 16 तारीख गुरुवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) टेकारी (जुलूम) में सियान जतन दिवस के अवसर पर निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया जिसमें 35 वृद्धजनों का निशुल्क चिकित्सा निदान कर औषधि प्रदान किया गया। इस शिविर में कुल 56 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

# समोदा नगर पंचायत में बनेगी ग्लेजिंग यूनिट

**आरंग।** नगर पंचायत समोदा में कुम्भकार समाज हेतु शासन के ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड द्वारा माटीशिल्पियों की कलात्मक सृजनशीलता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। माटीशिल्पियों को उचित अवसर एवं पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराकर उनकी प्रतिभाओं को निखारने तथा उनकी भावी पीढ़ी को इन कलाओं से परिचित कराकर योग्य शिल्पी बनाना उद्देश्य है। माटीशिल्पियों को माटीशिल्प एवं टेराकोटा की गुणवत्ता सुधार तथा मूल्य वृद्धि के लिए उन्नत प्रशिक्षण, तकनीकी डिजाइन कार्यशाला एवं इंटीग्रेटेड डिजाइन निर्माण हेतु ग्लेजिंग यूनिट के माध्यम से सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इससे शिल्पियों को निरंतर रोजगार मिलेगा तथा उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति सुदृढ़ होगी, जिससे वे गरीबी रेखा से ऊपर बेहतर जीवन-यापन कर



सकेंगे। ग्लेजिंग यूनिट के माध्यम से माटीशिल्पकार हमारी प्राचीन संस्कृति को बनाए रखते हुए शिल्प के क्षेत्र में नए-नए आयाम जोड़कर बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन करेंगे तथा प्रदर्शनी एवं एम्पोरियम के माध्यम से उत्पादों का विक्रय कर प्रदेश, देश एवं विदेश में भी पहचान बना सकेंगे।

इसमें कुम्भकार समाज समोदा का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। ग्लेजिंग यूनिट की स्थापना हेतु 16 जून को कलेक्टर रायपुर के आदेशानुसार कुम्भकार समाज के लिए आरक्षित भूमि खसरा नं. 1221, रकबा 0.3100 हेक्टेयर स्थानांतरित भूमि का छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड के महाप्रबंधक साकेत कुमार राजपूरिया के निर्देशानुसार पटवारी ह.नं. 16 श्री गेन्द्रे द्वारा चिन्हांकन कर पट्टा पंचनामा तैयार करते हुए कब्जा/आदिपत्य प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुम्भकार समाज के आनन्दराम चक्रधर, अवधराम कुम्भकार, शेवनारायण चक्रधारी (वार्ड पार्षद), यादराम चक्रधारी (अध्यक्ष), रामजी चक्रधारी, लक्ष्मीनारायण चक्रधारी, पंचराम, शुकलराम, मथुरा प्रसाद, मंथीर, दाउलाल, मनीराम, मेघनाथ, युवक, पीलराम, नारायण, नैमीचंद, देहराम, कांतीलाल चक्रधारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ शासन की इस पहल से कुम्भकार समाज समोदा में काफी हर्ष व्याप्त है।

## पीसीसी चीफ बैज ने लिया तैयारियों का जायजा

# अभनपुर में सजेगा कांग्रेस का महामंथन शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के नव-निर्वाचित जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के लिए 20 से 29 जून तक 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अभनपुर स्थित चंडी मोड़ के समीप आशुतोष-अलका अग्रवाल मंगल भवन में किया जाएगा। शिविर की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने मंगलवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रशिक्षण शिविर में आने वाले प्रतिनिधियों के आवास, भोजन, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। शिविर में नव-निर्वाचित जिला अध्यक्षों को कांग्रेस की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा जनसरोकारों से जुड़े विषयों पर



विस्तृत मार्गदर्शन दिया जाएगा। कांग्रेस नेताओं के अनुसार प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ प्रभारी महासचिव सचिन पायलट के शामिल होने की संभावना है। उनके मार्गदर्शन से जिला अध्यक्षों को संगठनात्मक कार्यों के संचालन में नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होगी।

निरीक्षण के दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू, प्रदेश सचिव प्रवीण साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोलाराम सोनवानी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक आहूजा, युगल पांडे सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# समर कैंप में बच्चों को पेंटिंग, ड्राइंग, लेखन कुकिंग, व वैदिक गणित की मिली जानकारी

**आरंग।** पीएमश्री अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, आरंग में आयोजित समर कैंप का उत्साहपूर्ण वातावरण में सफल समापन हुआ। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मकता एवं प्रतिभा संवर्धन के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कैंप में विद्यार्थियों ने पेंटिंग, ड्रॉइंग, लेखन, फायरलेस कुकिंग, वैदिक गणित, वृक्षारोपण तथा शैक्षणिक भ्रमण जैसी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। आरंग स्थित ऐतिहासिक भानदेवल मंदिर के शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को स्थानीय इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत की जानकारी प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त बच्चों की प्रतिभा के विकास एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समर कैंप के अंतिम दिवस विद्यार्थियों ने डांस, जुम्बा एवं गायन की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर कार्यक्रम को



यादगार बना दिया। बच्चों के उत्साह एवं प्रतिभा ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) के अध्यक्ष खिलेश धुरंधर ने समर कैंप के सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके अतिरिक्त एसएमडीसी के अनूपनाथ योगी, अशोक चंद्राकर, शंकर जलक्षत्री, महेंद्र सिंह ठाकुर एवं शब्बीर चौहान आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर**
**जिला रायपुर छ.ग.**
**-: ईश्तहार :-**
रा.प्र.क्रं. 202606112100009 /
ब-121 / वर्ष 2025-26
ग्राम-उपरवारा, प.ह.न. 16,
तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वेद कुमार पण्डेंल पिता स्व. रामाधार निवासी ग्राम ऊपरवारा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अपने पिता रामाधार पण्डेंल पिता बाडेर पण्डेंल का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया। जिनका मृत्यु दिनांक 08/04/2004 को हुई है। इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो वे नियत तिथी दिनांक 23/06/2026 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 08/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**अभनपुर (छत्तीसगढ़)**

# कचरा सेठों की अब होगी डिजिटल निगरानी, होटल, मॉल, बड़े अपार्टमेंट का सीपीसीबी पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब बड़े पैमाने पर कचरा पैदा करने वाले संस्थानों, आवासीय परिसरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर निगरानी और जवाबदेही बढ़ने जा रही है। राज्य सरकार ने सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिया है कि उनके क्षेत्र में मौजूद सभी बल्क वेस्ट जनरेटर (यानी कचरा सेठ) का केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीइबी) के ऑनलाइन पोर्टल पर तत्काल पंजीयन कराया जाए। इसके साथ ही इन संस्थानों का अलग डेटाबेस तैयार कर उनकी निगरानी भी की जाएगी।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि केंद्र सरकार के नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 एक अप्रैल 2026 से लागू हो चुके हैं। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में राज्यों और स्थानीय निकायों को कड़े निर्देश दिए हैं, जिसके बाद यह कार्रवाई शुरू की गई है।

### कौन हैं ये 'कचरा सेठ'

नए नियमों के तहत बल्क वेस्ट जनरेटर की परिभाषा पहले की तुलना में कहीं अधिक स्पष्ट और व्यापक कर दी गई है। ऐसे संस्थान या परिसर जिनका निर्मित क्षेत्र 20 हजार वर्गमीटर या उससे अधिक हो, या प्रतिदिन 40 हजार लीटर से ज्यादा पानी की खपत होती हो, या प्रतिदिन 100 किलोग्राम या उससे अधिक ठोस कचरा पैदा होता हो, उन्हें बल्क वेस्ट जनरेटर माना जाएगा। इसलिए ही हम इन्हें कचरा सेठ कह रहे हैं। बड़े होटल, मॉल, मल्टीप्लेक्स, अस्पताल, विश्वविद्यालय, सरकारी कार्यालय, बड़ी आवासीय सोसायटियां, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल हो सकते हैं।

- अब कचरे की दो नहीं चार श्रेणियां हो गई हैं
- कचरा निपटान का हिसाब भी देना होगा




### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बढ़ी सख्ती

यह पूरी कवायद सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले के बाद तेज हुई है जिसमें अदालत ने कहा था कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन न करना केवल प्रशासनिक चूक नहीं माना जा सकता। अदालत ने तीन-स्तरीय प्रवर्तन व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें जुर्माना, आपराधिक कार्रवाई और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तक शामिल है। अदालत ने सभी बल्क वेस्ट जनरेटर को नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए थे।

### अब कचरा पैदा करने वाले ही उठाएंगे जिम्मेदारी

नए नियमों का सबसे बड़ा बदलाव यह है कि बड़े कचरा उत्पादकों की जिम्मेदारी सिर्फ कचरा नगर निगम को सौंप देने तक सीमित नहीं रहेगी। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके द्वारा पैदा किया गया कचरा वैज्ञानिक तरीके से संसाधित हुआ है। इसके लिए एक्सटेंडेड बल्क वेस्ट जनरेटर रिस्पांसिबिलिटी की व्यवस्था लागू की गई है। सरल शब्दों में कहें तो अब कचरा फैलाओ और भूल जाओ वाली व्यवस्था समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। कचरा पैदा करने वाले बड़े संस्थानों को उसके निपटान का प्रमाण भी देना होगा।

### नया पोर्टल बना निगरानी का हथियार

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एक जून 2026 से बल्क वेस्ट जनरेटरों के पंजीयन और निगरानी के लिए केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। राज्य सरकार ने सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को निर्देश दिया है कि वे अपने क्षेत्र के सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों का इस पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित करें और पंजीयन की रसीद के आधार पर उनका रिकॉर्ड संधारित करें।

### चार तरह से अलग करना होगा कचरा

नए नियमों के तहत अब केवल गीला और सूखा कचरा अलग करना पर्याप्त नहीं होगा। कचरे को चार श्रेणियों— गीला, सूखा, सैनिटरी और विशेष देखभाल श्रेणी में अलग करना अनिवार्य किया गया है। इसका पालन बल्क वेस्ट जनरेटर्स सहित सभी कचरा उत्पादकों को करना होगा।

### छत्तीसगढ़ में क्या होगा असर

जानकारों का मानना है कि यदि नियमों का प्रभावी पालन हुआ तो नगर निकायों पर कचरा प्रबंधन का बोझ कम होगा और बड़े संस्थानों को अपने स्तर पर कचरा निपटान की व्यवस्था विकसित करनी पड़ेगी। हालांकि असली चुनौती ऐसे संस्थानों की पहचान, पंजीयन और बाद में उनके अनुपालन की निगरानी होगी। छत्तीसगढ़ सरकार के ताजा आदेश से स्पष्ट है कि राज्य अब कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी केवल नगर निकायों तक सीमित रखने के बजाय कचरा पैदा करने वाले बड़े खिलाड़ियों तक पहुंचाना चाहता है। ऐसे में आने वाले महीनों में होटल, मॉल, बड़े अपार्टमेंट, अस्पताल और संस्थानों के लिए यह केवल एक औपचारिक पंजीयन प्रक्रिया नहीं, बल्कि पर्यावरणीय जवाबदेही की नई परीक्षा साबित हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### निर्माणाधीन मेडिकल कालेज पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कांकेर जिले के समीप तारसगांव में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर प्रगति कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, निर्धारित समय-सीमा तथा विभिन्न सुविधाओं की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि तारसगांव में बन रहा यह मेडिकल कॉलेज क्षेत्र के स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से न केवल क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर भी सृजित होंगे।



### कांग्रेस में दो मुख्य प्रवक्ता की नियुक्ति

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश पर प्रदेश संचार विभाग में दो मुख्य प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। इनमें सुरेंद्र शर्मा और घनश्याम राजू तिवारी को मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। अब संचार विभाग में 7 मुख्य प्रवक्ता हो गए हैं। पीसीसी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

### भाजपा सरकार स्कूलों को आरएसएस की शाखा में परिवर्तित करना चाह रही

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार स्कूलों को आरएसएस की शाखा में परिवर्तित करना चाह रही है। स्कूलों में सुबह दीप मंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र, मध्यान्ह में भोजन मंत्र, शाम को छुट्टी होने पर गायत्री मंत्र एवं शांति मंत्र का वाचन बच्चों से कराया जाना संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा, संविधान के अनुच्छेद 28(1) के तहत पूर्णतः राज्य-निधि से संचालित शिक्षण संस्थानों में किसी भी प्रकार की धार्मिक शिक्षा या विशिष्ट धार्मिक प्रार्थना आयोजित नहीं की जा सकती।



#### बीटीआई रोड शंकर नगर सहित 5 शहरों की प्राइम लोकेशन की भूमि पर बनेंगे

# रीडेवलपमेंट योजना की पांच परियोजनाओं का टेंडर हाउसिंग एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड ने किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल राज्य के विभिन्न शहरों में 5 प्रमुख रीडेवलपमेंट परियोजनाओं की शुरुआत करने जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शहरी विकास, शासकीय परिसंपत्तियों के बेहतर उपयोग तथा आधुनिक नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। यह राज्य की रीडेवलपमेंट नीति के तहत विकसित की जाएंगी। आवास एवं पर्यावरण विभाग को नोडल तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल को क्रियान्वयन एजेंसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

रीडेवलपमेंट परियोजनाओं के तहत मंडल द्वारा प्रिलिमिनरी प्रोजेक्ट रिपोर्ट और विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किए गए हैं। साथ ही निजी डेवलपर्स के चयन के लिए पारदर्शी निविदा प्रक्रिया तथा परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की व्यवस्था की गई है। कैबिनेट द्वारा पहले ही प्रस्तावित परियोजनाओं को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसके बाद 27 मई को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इन परियोजनाओं के अंतिम स्वरूप पर विस्तृत चर्चा कर अनुमोदन दिया गया। आयुक्त अवनीश कुमार शरण द्वारा मंगलवार को टीएल बैठक में इसकी समीक्षा की गई तथा अगले रीडेवलपमेंट की 8 परियोजनाओं को जल्द तैयार कर प्रस्तुत करने निर्देश दिया ।




### योजनाओं का टेंडर जारी

प्रस्तावित परियोजनाओं का कुल क्षेत्रफल 19.14 एकड़ है तथा वर्ष 2025-26 की संशोधित गाइडलाइन दरों के अनुसार इनका अनुमानित मूल्य लगभग 250.30 करोड़ रुपये है। ये परियोजनाएं बीटीआई रोड शंकर नगर रायपुर, क्लब पारा महासमुंद, कैलाश नगर राजनांदगांव, कटघोरा कोरबा तथा चांदनी चौक फेज-2 जगदलपुर में विकसित की जाएंगी। इन पांचो रिडेवलपमेंट योजनाओं का टेंडर बोर्ड द्वारा जारी कर दिया गया है।

### निजी डेवलपर्स के लिए अच्छा अवसर

इन परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त वित्तीय भार की आवश्यकता नहीं होगी। शासकीय भूमि के मूल्य का उपयोग परियोजनाओं के वित्तीय संसाधन के रूप में किया जाएगा। शासकीय भूमि का इससे सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित होने के साथ राज्य को अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त होगा। यह पहल निजी डेवलपर्स के लिए भी आकर्षक अवसर प्रदान करती है। उन्हें शहरों के प्रमुख क्षेत्रों में स्थित प्राइम लोकेशन वाली भूमि पर परियोजनाएं विकसित करने का अवसर मिलेगा।

### जर्जर और अनुपयोगी सरकारी परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग

राजधानी रायपुर में प्रस्तावित परियोजना विशेष महत्व रखती है। यह परियोजना शहर के प्रमुख और विकसित क्षेत्र शंकर नगर बीटीआई ग्राउंड के समीप सिंधु भवन के बाजू में स्थित है। यह क्षेत्र शैक्षणिक, प्रशासनिक, व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है। परियोजना के विकसित होने से क्षेत्र में आधुनिक अधोसंरचना का विस्तार होगा तथा शासकीय परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। रिडेवलपमेंट मॉडल के तहत जर्जर और अनुपयोगी सरकारी परिसंपत्तियों के स्थान पर आधुनिक एवं सुव्यवस्थित अधोसंरचना विकसित की जाएगी।

### शहरी विकास का मिलेगी गति : चौधरी

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नीति के माध्यम से अनुपयोगी और जर्जर शासकीय परिसंपत्तियों को आधुनिक एवं उपयोगी अधोसंरचना में परिवर्तित किया जाएगा। इससे शहरों की कार्यक्षमता और सौंदर्य बढ़ेगा। वहीं सार्वजनिक संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा, सार्वजनिक-निजी सहभागिता के माध्यम से आधुनिक और नागरिक-केंद्रित शहरी विकास को नई गति मिलेगी।

### शहरी क्षेत्रों का समग्र कायाकल्प- सिंहदेव

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने कहा, मंडल राज्य में रिडेवलपमेंट की नई कार्यसंस्कृति स्थापित कर रहा है। ये परियोजनाएं केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि शहरी क्षेत्रों के समग्र कायाकल्प का प्रयास हैं। उन्होंने कहा, बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर के सामने प्रस्तावित परियोजना राजधानी रायपुर के लिए एक आदर्श शहरी विकास मॉडल साबित होगी।

# काम के साथ घर-परिवार की जिम्मेदारी निभाना एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत जरूरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भागदौड़ की इस जिंदगी में परिवार और काम के बीच संतुलन बनाने के साथ स्वयं को भी मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रख पाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन नामुमकिन नहीं है।

सरकारी दफ्तरों में कार्य करने वाले कई कर्मचारी इस तरह का चुनौतीपूर्ण जीवन जी रहे हैं, जिसके कारण वे तनाव में भी रहते हैं। इस तनाव को दूर करने और कार्य तथा जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए ही कलेक्टर की पहल पर प्रोजेक्ट शांति की शुरुआत की गई है। इस प्रोजेक्ट शांति के तहत पहला विशेष सत्र मंगलवार को आयोजित हुआ, जिसमें कलेक्टर गौरव सिंह सहित कई अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए।

### कर्मचारियों को मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहना जरूरी

कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास हॉल में आयोजित सत्र के दौरान कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ रहना उतना ही जरूरी है, जितना अपने काम को पूरी जिम्मेदारी से करना। उन्होंने अधिकारियों से समय पर कार्यालय आने और समय पर घर जाने, कार्यालय में पूरी दक्षता और ईमानदारी से काम करने तथा परिवार के लिए भी पर्याप्त समय निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि संतुलित जीवन से कर्मचारी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं और जनता को भी अच्छी सेवाएं मिलती हैं। उन्होंने जिले के सभी विभागाध्यक्षों को प्रेरित किया कि वे भी अपने-अपने कार्यालयों में इस तरह के मानसिक स्वास्थ्य और वर्क-लाइफ बैलेंस से जुड़े सत्र निःशुल्क आयोजित करें, ताकि अधिक से अधिक अधिकारी-कर्मचारी इसका लाभ उठा सकें और कार्यालय में सकारात्मक वातावरण तैयार हो।

### प्रोजेक्ट शांति के तहत वर्क-लाइफ बैलेंस पर हुई चर्चा

सत्र में हमिंग माइंड्स लाइफ की प्रमुख मनोवैज्ञानिक तनीषा पोद्दार ने अधिकारियों से मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, आत्म-समझ और कार्य-जीवन संतुलन जैसे विषयों पर चर्चा की। अधिकारियों ने विभिन्न गतिविधियों और अभ्यासों में भाग भी लिया। सत्र में एडीएम उमाशंकर बंदे, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, मनीष मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कृषि कार्य के बीच डीजल की किल्लत से किसान परेशान, खेतों में प्रभावित हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन के दौरान कृषि कार्य तेज होने के बीच कई इलाकों से डीजल की उपलब्धता को लेकर किसानों की परेशानी सामने आ रही है। ट्रैक्टरों से जुताई, बुवाई और सिंचाई जैसे कार्य डीजल पर निर्भर होने के कारण किसानों को समय पर ईंधन नहीं मिलने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि कई पेट्रोल पंपों पर डीजल की सीमित उपलब्धता के कारण उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जबकि कुछ स्थानों पर इंतजार भी करना पड़ रहा है। इससे खेतों की तैयारी और बुवाई का काम प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ में डीजल का संकट मुख्य रूप से कांकेर, सुकमा, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, बिलासपुर, रायपुर, गरियाबंद, बालोद और जांजगीर-चांपा जिलों में गहरा गया है। कृषि कार्य के दौरान डीजल की भारी किल्लत के कारण किसानों को परेशानी हो रही है, जिससे नाराज होकर किसानों ने कई जिलों में चक्काजाम भी किया था। सुकमा जिले में केवल पुलिस लाइन स्थित पेट्रोल पंप पर ही ईंधन उपलब्ध होने से सुकमा में भारी भीड़ और अफरा-तफरी की स्थिति है। औद्योगिक इकाइयों द्वारा उपभोक्ता पंपों की बजाय सस्ते रिटेल पंपों से ईंधन खरीदने के कारण डीजल संकट है। इसका बुरा असर कृषि कार्यों (ट्रैक्टर संचालन) और यात्री परिवहन (बसों और ट्रकों) पर पड़ रहा है। कई पंपों पर टोकन सिस्टम या सीमित मात्रा में ही ईंधन दिया जा रहा है।

- एक दर्जन जिलों में डीजल की कमी ने बढ़ाई चिंता

### सरकार का दावा पर्याप्त भंडार

हालांकि राज्य सरकार ने दावा किया है कि प्रदेश में डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों के लिए डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने जिला प्रशासन और तेल कंपनियों को नियमित निगरानी रखने तथा कृषि कार्यों के लिए डीजल की उपलब्धता बनाए रखने को कहा है।

# बिजली के दामों में वृद्धि, कांग्रेस का आज प्रदेशव्यापी प्रदर्शन, बिजली दफ्तरों का घेराव और पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया कि सरकार ने अपने ढाई साल के कार्यकाल में पांचवी बार बिजली के दाम को बढ़ाया है। इसके खिलाफ़ कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने जा रही है। उन्होंने बताया कि बिजली के दाम बढ़ोतरी तथा स्मार्ट मीटर वापस लेने की मांग को लेकर कांग्रेस 17 जून को प्रदेश के सभी जिलों में बिजली दफ्तर का घेराव करेगी। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री जो कि बिजली मंत्री हैं, उनका पुतला दहन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 18 जून को जिला सभी जिलो में पत्रकार वार्ता लेकर बिजली के दाम बढ़ोतरी का विरोध किया जायेगा। जुलाई के पहले सप्ताह में कांग्रेस के कार्यकर्ता स्मार्ट मीटर के खिलाफ घर-घर से आवेदन भरवा कर स्मार्ट मीटर हटाने की मांग करेंगे। राजीव भवन में आज प्रेस वार्ता में दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार ने इस बार घरेलू बिजली के दाम में 30 से 50 पैसे तथा गैर घरेलू में 20 से 40 पैसे की बढ़ोतरी की है। भाजपा सरकार ने किसानों को भी नहीं बख्शा। कृषि के पंप की बिजली में भी 40 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। भाजपा की सरकार बनने के बाद लगातार पांचवी बार बिजली के दाम बढ़ाये गए हैं। पहले से ही बिजली के बेतहाशा बिल जनता की परेशानी का कारण बना हुआ है, ऊपर से अब नया बढ़ा हुआ दाम थोप दिया गया है।




### पिछले माह तीन गुना ज्यादा बिल

उन्होंने बताया कि कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में केवल 2 पैसे की बढ़ोत्तरी बिजली के दामों में की थी, उसमें भी 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना लागू थी। बिजली के बढ़े बिल से पिछले ढाई साल से जनता पर बोझ डाला जा रहा था लेकिन इस माह बढ़े हुए आए बिजली बिल के कारण जनता परेशान हो गई है। पिछले माह औसतन हर उपभोक्ता का बिजली बिल तीन गुना आया है। हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है। स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है।

बैज ने कहा, उपभोक्ताओं को एक ही माह में ऑन लाइन, ऑफ लाइन में अलग बिल भेजा जा रहा है। बिजली की खपत का अनुबंध भार क्षमता बिना उपभोक्ता की सहमति के बढ़ा दिया जा रहा है।

#### विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे पहुंचे कुशालपुर हाईस्कूल

# शाला प्रवेशोत्सव के साथ कुशालपुर में 70 लाख के विकास कार्यों की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वामनराव लाखे वार्ड स्थित शासकीय हाईस्कूल कुशालपुर में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे शामिल हुए। इस मौके पर वामन राव लाखे वार्ड एवं महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के नागरिकों की सुविधा के लिए 70 लाख के स्वीकृत लागत से विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

वामनराव लाखे वार्ड में करीबन 60 लाख के कार्य अधोसंरचना मद एवं दक्षिण विधायक निधि मद से करवाए जाएंगे। महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में विधायक निधि से खो -खो तालाब के पास नहावन सहित अन्य आयोजनों के लिए 10 लाख रुपए में विधायक निधि मद से शेड निर्माण कराए जाएंगे। वामनराव लाखे वार्ड में कुशालपुर स्कूल परिसर में बच्चों के लिए प्रार्थना शेड का निर्माण होगा। इसके अलावा रोड, नाली पुलिया, सामुदायिक भवन जैसे वार्ड 66 के 10 अलग-अलग स्थानों पर शुरू होंगे।



दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने शाला प्रवेशोत्सव पर शिक्षक -शिक्षिकाओं औरबच्चों को हार्दिक बधाई दी। श्री सोनी ने गुरूजनों से बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का अनुरोध किया साथ ही, शिक्षा के प्रति सकारात्मक भाव जागृत करने कार्य करने की अपील की। कक्षा दसवीं में प्रथम आई छात्रा अनामिका पांडे और दामिनी साहू को सम्मानित किया गया। सुनील सोनी ने महापौर मीनल चौबे से अनुरोध किया कि वे उन्हें एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल को साथ लेकर कुशालपुर में जलभराव की समस्या शीघ्र दूर करने एनएचआई से लगातार प्रयास कर राष्ट्रीय राजमार्ग से नाला कासिंग कार्य करवाने जल्द पहल करेंगे। महापौर मीनल चौबे ने इस मौके पर कहा कि तब के कुशालपुर और आज के कुशालपुर में काफी अंतर है। यहां का विकास करने सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं दक्षिण विधायक सुनील सोनी का निरंतर प्रयास रहा है।

महापौर रहते हुए श्री सोनी ने शहर में 17 पानी टंकियां बनवाकर शहर की पेयजल समस्या को दूर करवाने का कार्य किया। उन्हीं के प्रयासों से कुशालपुर में पानी टंकी बनी और यहां की जल समस्या का निदान हो सका। महापौर ने कहा कि कुशालपुर में जलभराव की समस्या दूर करने उनके द्वारा सतत प्रयास किये जा रहे है एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से नाला कासिंग करवाकर शीघ्र समस्या निदान करवाने कार्य किया जायेगा।

### ये हुए शामिल

भूमिपूजन कार्यक्रम में शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, सरिता दुबे, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, वार्ड पार्षद कृष्णा सोनकर,श्री ममता तिवारी, दुर्गा साहू, पूर्व पार्षद विजेता यादव, अखिलेश कश्यप, मंडल अध्यक्ष सचिन संघवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता रामकिंकर ठाकुर, जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेश रामटेके, उपअभियंता कृति शर्मा, स्कूल प्राचार्य व्हीके तिवारी सहित शाला परिवार के सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रदेश में धान खरीदी का अध्ययन करने 19 जून को आएंगे महाराष्ट्र के विधायक

## मुख्यमंत्री साय से भी मुलाकात करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में होने वाली धान खरीदी की प्रक्रिया समझने के लिए महाराष्ट्र सरकार राज्य के विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के दौरे पर भेज रही है। विधायक यहां पर 19 जून को आएंगे। उन्हें खाद्य विभाग और मार्कफेड के अधिकारी समर्थन मूल्य में धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया के बारे में बताएंगे।

बताया गया है कि राज्य बनने के बाद से शुरू हुई धान खरीदी लगातार चल रही है। खरीदी में कई परिवर्तन आए हैं। अब यह डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर पारदर्शी बनाने का प्रयास किया गया है। इन सबसे प्रभावित होकर महाराष्ट्र सरकार की ओर से 9 विधायकों का दल आ रहा है। यह राज्य में समर्थन मूल्य में होने वाली धान खरीदी के मॉडल का अध्ययन करेगा।



यहां पर धान की खरीदी में किसानों का पंजीयन से लेकर धान विक्रय करने टोकन की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं को लेकर चर्चा की जाएगी। खरीदी के बाद भुगतान प्रक्रिया, स्टेकिंग, धान का उठाव से लेकर मिलिंग तक की प्रक्रिया के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेगा। बताया गया है कि प्रतिनिधिमंडल एक धान खरीदी केंद्र का अवलोकन भी करेगा। अफसरों से जानकारी लेने के बाद प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री विष्णुद्देव साय से भी मुलाकात करेगा।

## खबर संक्षेप



### मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट ने किया भजन-कीर्तन का आयोजन

रायपुर। ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट की सुंदरनगर प्रभारी भावना शर्मा के नेतृत्व में चंगोराभाठा में महापौर निवास के पास सुंदरकांड एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष कल्पना शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य सरोज शुक्ला, राधा साहू, कुंजबिहारी चौक प्रभारी मंजू अवस्थी, संध्या तिवारी, विनती और समेत अन्य सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुईं। ट्रस्टी अध्यक्ष गुरुदेव संकर्षण शरणजी ने इस पवित्र कार्य के लिए सबको साधुवाद दिया।

### प्रेस क्लब में आज होगी श्रद्धांजलि सभा

रायपुर। वरिष्ठ पत्रकार एवं रायपुर प्रेस क्लब के मानद सदस्य राजीव शर्मा के निधन पर पत्रकारों ने शोक जताया है। दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित करने रायपुर प्रेस क्लब में शोकसभा का आयोजन किया गया है। शोकसभा बुधवार शाम 4 बजे प्रेस क्लब परिसर में होगी, जहां सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रद्धांजलि देंगे।

## निधन

### अजय चौधरी



रायपुर। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, विज्ञान केंद्र के पीछे, सेक्टर- 8 निवासी अजय चौधरी का 16 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 जून को सुबह 11 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मुन्ना चौधरी के बड़े भाई एवं रवि व नवनीत चौधरी के चाचा थे।

# जवाहर बाजार व्यवसायियों को दुकान के फ्री होल्ड का इंतजार, किराए के साथ प्रापर्टी टैक्स की दोहरी मार

*रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा 22 करोड़ की लागत से मालवीय रोड मुख्य मार्ग पर स्थित नवनिर्मित जवाहर बाजार व्यावसायिक परिसर सह पार्किंग के 69 व्यवस्थापित दुकानदारों को नगर निगम से जवाहर बाजार में व्यवस्थापन के तहत आवंटित दुकानों के फ्री होल्ड होने का इंतजार है। उनका कहना है, उन्होंने निगम मुख्यालय के बाजार विभाग में दुकानों को फ्री होल्ड कराने पूर्व में आवेदन जमा कराया था, पर आज तक उनकी दुकानों को फ्री होल्ड करने की प्रक्रिया शुरू तक नहीं हुई। इससे उन पर दोहरी मार पड़ रही है। एक तरफ हर माह दुकान का किराया नगर निगम को भुगतान करना होता है, दूसरी तरफ उनसे प्रापर्टी टैक्स लिए जा रहे हैं, जबकि उन्हें उनकी दुकानों का मालिकाना हक अब तक नहीं मिला है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम द्वारा जवाहर बाजार में व्यवस्थापन के तहत 69 दुकानों का आवंटन प्रभावित व्यवसायिओं को किया गया है, इन दुकानों के एवज में नियम अनुसार दुकान किराया के साथ ही संबंधित दुकानदार से प्रति वर्ष प्रापर्टी टैक्स भी लिया जा रहा है। जवाहर बाजार व्यावसायिक कल्याण संघ के अध्यक्ष सुभाष बजाज ने निगम आयुक्त और महापौर से जवाहर बाजार में व्यवस्थापन के तहत जिन दुकानदारों को दुकानें आवंटित हुई हैं, उन दुकानों को फ्री होल्ड कराने की मांग की है। उनका कहना है कांग्रेस शासन काल में जब हमने नगर निगम के राजस्व विभाग के पास दुकानों को फ्री होल्ड कराने आवेदन किए, तो उनसे यह कहा गया कि जवाहर बाजार की भूमि नजूल से नगर निगम के नाम ट्रांसफर नहीं हुई, इसलिए उनकी दुकानों को फ्री होल्ड नहीं कर सकते, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 1 रुपए की टोकन मनी में पूर्व महापौर एजाज ढेबर के आग्रह पर जवाहर बाजार की जमीन नगर निगम को मिली थी।

- *फ्री होल्ड नहीं होने से बैंक लोन नहीं मिल रहा, मालिकाना हक से भी वंचित*
- *हर साल नगर निगम को 44 लाख किराए का भुगतान*



### मूल लागत वसूल चुका निगम

*मालवीय रोड स्थित जवाहर बाजार के निर्माण में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 22 करोड़ रुपए खर्च किए। जवाहर बाजार के व्यवसायिक कल्याण संघ अध्यक्ष का कहना है नगर निगम ग्राउंड फ्लोर में व्यवस्थापित 69 प्रभावित व्यवसायिओं के अलावा फर्स्ट फ्लोर, सेकंड फ्लोर में टेंडर कर दी गई दुकानों व हॉल लेने वालों से अब तक 22 करोड़ रुपए वसूल चुकी है। जो कि जवाहर बाजार के निर्माण की मूल लागत है। हर साल जवाहर बाजार के दुकानदार 44 लाख रुपए का किराए के रूप में नगर निगम को भुगतान कर रहे हैं। हमारी मांग है कि 5 से 10 साल का किराए की राशि लेकर दुकानों को फ्री होल्ड कर दिए जाएं इससे हमें किराए देने की जरूरत नहीं होगी और दुकान के एवज में बैंक लोन लेकर व्यवसाय को बढ़ा सकेंगे। इससे दुकानों का मालिकाना हक मिलेगा और नगर निगम को हर साल प्रापर्टी टैक्स भी।*

### शासन के निर्देश का इंतजार, शर्त अनुसार लीज रीनुवल

*जवाहर बाजार की जमीन पूर्व में फिलिप्स मार्केट के नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी उसे नियम अनुसार नगर निगम के नाम से दर्ज करा ली गई है। व्यवस्थापन के तहत आवंटित दुकानों का फ्री होल्ड शासन के निर्देश अनुसार होगा, शासन के निर्देश का इंतजार कर रहे हैं। लीज रिनुवल नियम अनुसार सशर्त होगी।*

*डॉ. अंजलि शर्मा, उपायुक्त, राजस्व विभाग, नगर निगम रायपुर*

## कर चोरी-फर्जी बिलिंग मामले में डीजीजीआई रायपुर ने की कार्रवाई

# 6.93 करोड़ का फर्जी आईटीसी घोटाला, 5 माह से फरार ओम किरण इस्पात उद्योग का पार्टनर गिरफ्तार

*कर चोरी एवं फर्जी बिलिंग सिंडिकेट के विरुद्ध महानिदेशालय जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) रायपुर क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने 6.93 करोड़ रुपए के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) घोटाला मामले में मेसर्स ओम किरण इस्पात उद्योग के पार्टनर हरीश वाधवानी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। आरोपी पिछले 5 महीने से फरार चल रहा था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एडिशनल डायरेक्टर जनरल सुजीत मलिक के नेतृत्व में डीजीजीआई रायपुर के अधिकारियों ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधिनियम 2017 की धारा 69(1) के अंतर्गत हरीश वाधवानी को गिरफ्तार किया है। जांच में यह पाया गया कि हरीश ने वास्तविक माल की प्राप्ति के बिना लगभग 6.93 करोड़ के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ प्राप्त कर उसका उपयोग किया है।



### फर्जी आईटीसी रैकेट में संलिप्त था ओम किरण इस्पात उद्योग

*डीजीजीआई द्वारा विकसित खुफिया सूचना एवं जांच के दौरान यह भी सामने आया कि मेसर्स ओम किरण इस्पात उद्योग, अस्तित्वहीन, फर्जी एवं गैर-संचालित फर्मों के बहु-स्तरीय नेटवर्क के माध्यम से अवैध आईटीसी प्राप्त करने के संगठित रैकेट में संलिप्त था। करदाता के जीएसटीआर-2ए एवं अन्य अभिलेखों की जांच से यह भी पता चला कि बड़ी मात्रा में फर्जी आईटीसी ऐसे जीएसटी पंजीकरणों से प्राप्त किया गया था, जिन्हें बाद में निलंबित अथवा निरस्त कर दिया गया।*

### न्यायालयों में अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद पकड़ में आया

*आरोपी वाधवानी पिछले लगभग पांच माह से फरार चल रहा था। उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए निचले न्यायालयों में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी लगाई थी, जिसे खारिज कर दिया गया। आखिरी बार उसने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका लगाई थी, जिसे कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया। इस तरह सुप्रीम कोर्ट से जमानत अर्जी स्वीकार नहीं किए जाने के बाद डीजीजीआई ने आरोपी को ढूंढ निकाला और उसे गिरफ्तार किया।*

### जांच में और गिरफ्तारी-खुलासे होने की संभावना

*डीजीजीआई अधिकारियों का कहना है कि इस मामले की जांच अभी जारी है। फर्जी बिलिंग नेटवर्क, धन के प्रवाह तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की गहन जांच की जा रही है। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आने वाले समय में इस प्रकरण में अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी भी की जा सकती है, जिससे अन्य घोटालों के खुलासे भी होने की संभावना है। डीजीजीआई ने स्पष्ट किया है कि फर्जी बिलिंग, कर चोरी एवं राजस्व को क्षति पहुंचाने वाले संगठित नेटवर्क के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।*

# क्रेडिट कार्ड की राशि खाते से कटने के बाद भी बैंक ने वसूली के लिए भेजा नोटिस

### जिला उपभोक्ता फोरम का खाताधारक के पक्ष में फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अतिरिक्त खंड पीठ के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू एवं सदस्य डा. आनंद वर्गीस ने एक प्रकरण में बैंक मैनेजर को खाता धारक को 5 हजार रुपए वाद व्यय के रूप में भुगतान करने का फैसला सुनाया है। साथ ही धारक के सिविल में किसी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं करने एवं क्रेडिट कार्ड की राशि को शून्य घोषित किया है।

उपभोक्ता फोरम में सिविल लाइन रायपुर निवासी अंजिनेश शुक्ला ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रायपुर के सिविल लाइन ब्रांच मैनेजर के खिलाफ केस किया था। उन्होंने इस मामले में आरोप लगाया था कि बैंक की ओर से उसे क्रेडिट कार्ड की राशि खर्च करने पर एक लाख 39 हजार रुपए की वसूली के लिए नोटिस भेजा गया है। यह क्रेडिट कार्ड पुराना है, जिसका एक रुपए भी बकाया नहीं था। अंजिनेश ने अपने बयान में बताया कि पुराना क्रेडिट कार्ड में 40 हजार 64 रुपए की राशि पहले ही बैंक द्वारा काट ली गई है। इसके बाद उसने एक रुपए भी खर्च नहीं किया है। अंजिनेश ने इस बीच एक लाख रुपए का नया क्रेडिट कार्ड जारी कराया। इस कार्ड के जारी होने के बाद पुराना कार्ड बंद हो गया। इसके बाद भी बैंक ने उसे पुराना कार्ड की वसूली के लिए नोटिस भेजा है। इस प्रकरण में अंजिनेश ने बैंक स्टेटमेंट के साथ सारे सबूत भी पेश किए, जिसके आधार पर फोरम ने इस प्रकरण में परिवादी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बैंक द्वारा भेजे गए पत्र को निरस्त करते हुए बैंक मैनेजर को निर्देशित किया है कि वाद व्यय के रूप में 5 हजार रुपए परिवादी को भुगतान करे, साथ ही परिवादी के सिविल में किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं करेगा।

## बिजनेस साइट

### नवकार ज्वेलर्स की वर्षगांठ पर 'रायपुर की सिंड्रेला' प्रतियोगिता, विजेताओं को मिलेगी डायमंड रिंग

रायपुर। शहर के प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड नवकार ज्वेलर्स अपनी पहली वर्षगांठ के अवसर पर विशेष प्रतियोगिता 'रायपुर की सिंड्रेला' आयोजित करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता के तहत पांच भाग्यशाली प्रतिभागियों को आकर्षक डायमंड रिंग जीतने का मौका मिलेगा। आयोजन का मुख्य आकर्षण लोकप्रिय अभिनेत्री श्वेता तिवारी होंगी, जो 27 जून को मालवीय रोड स्थित नवकार ज्वेलर्स शोरूम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। विजेताओं को अभिनेत्री से मुलाकात के साथ-साथ शहर के एक रेडियो चैनल में एक दिन के लिए आरजे बनने का विशेष अवसर भी प्रदान किया जाएगा। नवकार ज्वेलर्स प्रबंधन के अनुसार, प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध कराना है। पहली वर्षगांठ ग्राहकों के विश्वास और स्नेह का उत्सव है। कार्यक्रम के दौरान विशेष ज्वेलरी कलेक्शन, आकर्षक ऑफर्स और कई सरप्राइज गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। संस्था ने शहरवासियों और ग्राहकों से इस भव्य समारोह में शामिल होने की अपील की है।



### एनटीपीसी यूएसएससी दिवस-2026 उत्साह के साथ मनाया गया

रायपुर। एनटीपीसी नवा रायपुर स्थित यूनिफाइड शेयर्ड सर्विस सेंटर (यूएसएससी) का स्थापना दिवस सोमवार को उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। वर्ष 2021 में स्थापित यूएसएससी एनटीपीसी की खरीद, अनुबंध प्रक्रियाओं, विक्रेता प्रबंधन और विभिन्न सेवा गतिविधियों के केंद्रीकृत संचालन का महत्वपूर्ण केंद्र है। कार्यक्रम का शुभारंभ आरईडी (डब्ल्यूआर-II) एवं ईडी-यूएसएससी नीरज जलोटा ने किया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में यूएसएससी ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए एनटीपीसी के रणनीतिक और परिचालन लक्ष्यों को मजबूत समर्थन प्रदान किया है। उन्होंने जेम खरीद में वृद्धि, रेट कॉन्ट्रैक्ट के विस्तार तथा विक्रेता आधार के सुदृढ़ीकरण को यूएसएससी की प्रमुख उपलब्धियां बताया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 40 कर्मचारियों को प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केक कटिंग से हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और इन-हाउस स्कीट ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की बड़ी संख्या मौजूद रही।



### मोदी-साय की डबल इंजन सरकार ने छग में विकास की नई गाथा लिखी

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कार्यकाल के 12वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान धरसींवा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नीलजा और सारागांव में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के साथ उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड अंजय शुक्ला ने वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के घर जाकर मुलाकात कर श्रीफल, पुष्पगुच्छ और शॉल देकर उनका सम्मान किया। साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। ग्राम पंचायत नीलजा में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान, गांव के समाज के प्रमुखों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात नीलजा में भाजपा कार्यकर्ता के घर दोपहर भोजन करने के बाद सारागांव में जनसंपर्क कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं, विभिन्न समाज के प्रमुख का श्रीफल, शॉल, पुष्पगुच्छ देकर आत्मीय सम्मान कर मुलाकात की। जनसंपर्क कार्यक्रम में मछुवारा कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. लखन धीवर, जनपद पंचायत धरसींवा के उपाध्यक्ष दिनेश खूंटे, समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# हॉटल अमृतसरी सील, 1 लाख जुर्माना बाथरूम से लगे मटके में बिरयानी

- *किचन में मिली भारी गंदगी, निगम की टीम ने की कार्रवाई*
- *कई वर्षो से टैक्स की बकाया राशि जमा नहीं की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम ने घड़ी चौक के पास स्थित हॉटल अमृतसरी को कई साल की बकाया राशि नहीं चुकाने और सफाई में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर सील कर दिया है। हॉटल संचालक पर निगम ने 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। हॉटल के किचन में भी भारी गंदगी पाई गई, बाथरूम से लगे मटके में बिरयानी रखी मिली। नगर निगम की टीम ने हॉटल में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कई खामियां सामने आईं। जांच के दौरान हॉटल परिसर में भारी गंदगी, सड़क पर किचन संचालित करना और अस्वास्थ्यकर माहौल में भोजन तैयार करने जैसी लापरवाही मिली। घड़ी चौक के पास स्थित हॉटल अमृतसरी को नगर निगम ने पूर्व में नोटिस देने के बाद भी स्वच्छता रखने के मामले में अनदेखी किया जाना पाया। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर निगम की टीम ने तत्काल हॉटल अमृतसरी को सीलबंद कर दिया। संबंधित हॉटल संचालक ने एक अरसे से नगर निगम को बकाया टैक्स की राशि भी जमा नहीं कराई थी। नगर निगम जोन 4 स्वास्थ्य विभाग ने गोलबाजार, मालवीय रोड सहित मुख्य बाजार क्षेत्र में 17 दुकानों में गंदगी मिलने पर 18 हजार रुपए जुर्माना किया। इसी तरह जोन 4 के ही नगर निवेश विभाग ने 25 दुकानदारों द्वारा सड़क पर कब्जा करने पर संबंधित दुकानदारों से सड़क बाधा शुल्क के रूप में 50 हजार रुपए वसूले। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, जोन 4 कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद चंद्राकर, जोन सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू की उपस्थिति में अभियान चलाया गया।



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 (टिकरापारा) तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन/बटांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 16/06/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरविंद देशमुख पि. रामराव देशमुख, निवासी - मं. नं. 93 ब्राम्हण पारा गोबरा नवापारा जिला - रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 (टिकरापारा) स्थित भूमि खसरा नंबर 211/6 रकबा 0.0200 हेक्टेयर का सीमांकन / बटांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. ....क / वाचक / नायब तह. / वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 04/06/2026 के परिपालन में दिनांक 01/07/2026 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन / बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नंबर 70 के टिकरापारा (लालपुर) स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
रा.नि.म. रायपुर-11 (टिकरापारा)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील - मंदिर हसौद, जिला-रायपुर**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 10/06/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ललिता कुर्रे पति पुरुषोत्तम कुर्रे निवासी मंदिर हसौद छ.ग. द्वारा आवेदिक ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 1376/1, 1491/7 रकबा 0.190, 0.037 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 09/06/2026 के परिपालन में दिनांक 23/06/2026 को समय 04 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

(राजस्व निरीक्षक)
मंदिर हसौद

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर**
**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 10/06/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेरीखेड़ी प.ह.नं. 77 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक / आवेदिका मीना देवी अग्रवाल पति श्री महेश अग्रवाल, सा.- नेहरू पार्क रोड, सूरजपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 255/9 रकबा 0.0201 हे. के सीमांकन / बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. / वाचक / अति. तहसीलदार / वर्ष 2026 आदेश दिनांक 10/06/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन / बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 23/06/2026 को समय 11:00 AM बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन / बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।
रा.नि.मं. रायपुर 20
तहसील- रायपुर

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विकास कुमार रामरखिया, पिता- मोहन लाल रामरखिया, निवासी- श्याम नगर, तेलीबांधा, रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेतागण (01) गंगा प्रसाद, (02) राजेश कुमार, (03) पूर्णिमा, (04) उमा, (05) बीना, सभी पिता- कवला प्रसाद (06) श्याम बाई, पति श्री कवला प्रसाद, (07) मुस्कान, (08) भूमिका, दोनो पिता श्री मनोहर, (09) बुधारू, पिता- श्री दयाराम, जाति सतनामी, सभी निवासी-ग्राम कानामुका, तहसील भखारा, जिला - धमतरी छ.ग. वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा- कानामुका, प.ह.नं. 00001, रा. नि. मं.- भखारा, तह. भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) मे स्थित है जिसका खसरा नं. 358/2, कुल रकबा 0.1700 हेक्टेयर एवं 358/1, कुल रकबा 0.1800 हेक्टेयर सम्पत्ति को दिनांक 10/06/2026 को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचनाओं का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जाने।
स्थान- रायपुर छ.ग.
दिनांक- 16/06/2026 (गीतेश कुमार बैस) अधिवक्ता
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98274-62029, 92021 87980

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा ग्राम मुर्रा पटवारी हल्का नंबर 02, राजस्व निरीक्षक मंडल धरसींवा 1, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर छत्तीसगढ़, स्थित भूमि खसरा नंबर 200/1 रकबा 0.6400 हेक्टेयर में से लगभग 1 एकड़ 58 डिसमिल कृषि भूमि के संबंध में दिनांक 03/06/2026 को विक्रय इकरार नामा निष्पादित किया गया है। उक्त भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में क्रांति देवांगन पति डिगेश्वर देवांगन के नाम पर दर्ज है जो कि पूर्व में रोशन वर्मा पिता रामचंद्र वर्मा निवासी ग्राम मुर्रा के नाम दर्ज था। संबंधित भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है। एवं शेष राशि का भुगतान बेमाने के निष्पादन के समय की जाएगी।

अतः उक्त भूमि/ संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था बैंक साहूकार अथवा अन्य किसी पक्ष को किसी प्रकार का दावा, आपत्ति, ऋण बंधक, अधिकार या विवाद हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस के भीतर संबंधित दस्तावेजों सहित निम्न पते पर संपर्क कर अपनी दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त किसी भी दावा अथवा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्थान - रायपुर, छत्तीसगढ़ श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा
दिनांक 16/06/2026 अधिवक्ता
सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)
Mo-9300681760

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक टण्डवा, तहसील-तिल्दा रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में सूचना**

दिनांक 09/06/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका संतोष खंडेलवाल पि. सीता राम खण्डेलवाल द्वारा आवेदित ग्राम छतौद प.ह.नं. 14 राजस्व निरीक्षक मंडल टंडवा स्थित भूमि खसरा नंबर 806/10 रकबा 0.809 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार तिल्दा के आदेश दिनांक 13/05/2026 के परिपालन में दिनांक 01/07/2026 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 14 के ताराशिव स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मंडल टंडवा
तहसील-तिल्दा, जिला-रायपुर

## पेज 15 के शेष

### मानसून अभी दूर, नमी बढ़ा...

बनी हुई है। इधर राज्य में आने वाली नमीयुक्त हवा मुसीबत और बढ़ाने का कारण बनी हुई है। इसकी वजह से मौसम में गर्मी औसतन दो डिग्री ज्यादा महसूस हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में मानसून द्रोणिका में किसी तरह की गति नजर नहीं आई। वह छत्तीसगढ़ की सीमा पर उसी स्थिति में टिकी हुई है, जो 11 जून को थी। शहर में मंगलवार को काफी दिनों बाद बारिश की थोड़ी गतिविधि हुई। हालांकि इसका असर कुछ देर और सीमित दायरे के लिए था। पानी बरसने के बाद गर्माहट और बढ़ गई, जिससे चिपचिपाहट भरी गर्मी का अहसास होता रहा। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर के कुछ इलाके में भौगोलिक परिस्थितियों के कारण बारिश हुई। बुधवार को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इसका असर अभी मध्य इलाके में होने की संभावना बहुत कम ही है।

### आवारा पशुओं का शहर में बढ़ा आतंक...

गंभीर हो जाती है, जब पशुओं के झुंड सड़कों पर डेरा जमा लेते हैं। कॉलोनीवासियों ने नगर निगम प्रशासन से आवारा पशुओं, और कुत्तों की समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते हुए शीघ्र कार्रवाई करने आग्रह किया है, उनका कहना है कि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### अदरक-लहसुन भी तीखा...

के दामों में आग लगी हुई है। लगातार आम आदमी का बजट बिगड़ रहा है। एक तरफ रसोई गैस से लेकर पेट्रोल और डीजल के दाम ने परेशान कर रखा है, तो दूसरी तरफ किचन के सामान के दाम भी लगातार आसमान पर जा रहे हैं। खाद्य तेलों से लेकर किचन का हर सामान लगातार महंगा हो रहा है। इसके बढ़ते दाम के कारण हर माह बजट में इजाफा हो जा रहा है।

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय रायपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मै शपथकर्ता राजेश कुमार सिन्हा पिता मनराखन लाल सिन्हा, निवासी- संत कंवर राम वार्ड, माता देवाला मंदिर के पीछे, भाटापारा, जिला बलौदा बाजार (छ.ग.) 493118, वर्तमान निवासी सत्यम विहार कॉलोनी, गली नं. 04. महादेव घाट रोड, रायपुरा, रायपुर (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ:-

1. यह कि, मेरे आधार नं. 497674310788, पेन कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस आदि में मेरा नाम- राजेश कुमार सिन्हा एवं मेरे पिता का नाम - मनराखन लाल सिन्हा दर्ज है।
2. यह कि, मेरे कक्षा पांचवी से दसवीं, बारहवीं, ग्रेजुएशन तक की समस्त अंकसूचीयों में मेरा नाम राजेश कुमार एवं पिता का नाम मनराखन लाल दर्ज है।
3. यह कि, उपरोक्त दर्शाये गये दोनो नाम वाला अर्थात राजेश कुमार सिन्हा एवं राजेश कुमार एकमात्र व्यक्ति मैं ही हूं कोई अन्य नहीं है।
4. यह कि उपरोक्त दर्शाये गये दोनो नाम वाले अर्थात मनराखन लाल सिन्हा एवं मनराखन लाल एकमात्र व्यक्ति मेरे पिता ही है कोई अन्य नहीं है।
5. यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य एवं सही है।
6. यह कि, उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मै शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 6 तक में वर्णित सभी तथ्य सही एवं सत्य है अतः मैने आज दिनांक को स्वयं के हस्ताक्षर कर स्थान रायपुर में सत्यापित कर दिया।

दिनांक - 16/06/2026 शपथकर्ता

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 (टिकरापारा) तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 16/06/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हेमा राजपूत पति श्री अरविंद राजपूत निवासी कृष्णा नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 (टिकरापारा) स्थित भूमि खसरा नंबर 542/137 रकबा 0.0074 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. अ-12/वाचक/नायब तह./ वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 10/06/2026 के परिपालन में दिनांक 24/06/2026 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 70 के टिकरापारा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-11 (टिकरापारा)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-20 सेरीखेड़ी तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक- 16/06/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टेमरी प.ह.न.-78 रा.नि.मं-रायपुर-18 तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में आवेदक/आवेदिका पंकज हालदार पिता स्व. पी.के. हालदार पिता--- निवासी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 328/3 रकबा 2015 व.फु. हेक्टेयर का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./क/वाचक/तहसीलदार/2025 रायपुर दिनांक 27/05/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 06/07/2026 को समय 12.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा /आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा /आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-20 सेरीखेड़ी

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2933 दिनांक 18.03.2009 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27, में भवन क्रमांक-पी2ए-264 को श्री राकेश कुमार गोयल पिता स्व. श्री मोजीलाल गोयल, के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटित द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 07.10.2011 को लीजडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 7589 दिनांक 26.12.2024 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में श्री राकेश कुमार गोयल पिता स्व. श्री माजीलाल गोयल, निवासीः- मकान नं.-791, वार्ड नं.-05, केशव कुंज कालोनी, सिविल लाईन खण्डवा, मध्यप्रदेश, द्वारा उक्त प्रकोष्ठ भवन को क्रेता श्रीमति अर्चना पाण्डेय पति श्री नागेन्द्र कुमार पाण्डेय, निवासीः- सोन गंगा कालोनी, तिरहा पोस्ट एस.ई.सी. सीपत रोड बिलासपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27, में भवन क्रमांक- पी2ए-264, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल प्रक्षेत्र - नवा रायपुर अटल नगर





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# एनएचएम के ग्रेड पे पर संशय बरकरार, वर्ग विशेष के विरोध के बीच नई अध्ययन कमेटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ कहे जाने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में ग्रेड पे लागू करने पर संशय की स्थिति बरकरार है। नुकसान होने के डर से एक वर्ग विशेष इसका विरोध कर रहा है, जिसकी वजह से लंबे समय से चल रही यह मांग पूरी नहीं हो पा रही है। राज्य स्तर पर मामला आकर अटकने की वजह से इस बार नई अध्ययन कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें कर्मचारी संघ के पदाधिकारी को भी जगह दी गई है।

राज्य में एनएचएम के अंतर्गत करीब 18 हजार स्वास्थ्य कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें डाक्टरों के अलावा स्टाफ नर्स लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट के अलावा कई गैर चिकित्सकीय स्टाफ भी स्वास्थ्य विभाग को सेवा दे रहे हैं। जानकारों का कहना है कि एनएचएम के कर्मचारियों के लिए ग्रेड पे लागू करने की मांग काफी समय से उठती आ रही मगर मामला राज्य स्तर पर जाकर अटक जा रहा है। ग्रेड पे लागू होने से करीब 16 हजार कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ होगा, लेकिन इस नियम का नुकसान उन करीब दो हजार अधिकारियों को होगा, जिनका वेतन काफी अधिक है और यहीं से विरोध की स्थिति बनी हुई है। शासन स्तर पर यह सिस्टम लागू करने के लिए पूर्व में भी कमेटी गठित की जा चुकी है, मगर अन्य राज्यों के अध्ययन के बाद तैयार होने वाली रिपोर्ट के बाद भी फैसले पर कोई ना कोई पेंच आ जाता है। इस संशय को दूर करने के लिए राज्य स्तर पर अपर संचालक वित्त की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है।

## राज्य स्तर पर अटक रहा प्रस्ताव, इस बार कमेटी में कर्मचारी संघ को स्थान

### समिति के सदस्य

पिछले दिनों गठित की गई समिति में एनएचएम के अपर संचालक (वित्त) की अध्यक्षता में गठित की गई कमेटी मे उपसंचालक एनएचएम, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, राज्य वित्त प्रबंधक और एनएचएम संघ के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कमेटी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वीकृत पदों के ग्रेड पे एवं वेतनमान का अन्य राज्यों में लागू सिस्टम का अध्ययन कर अपना रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

### दो मांग हुई पूरी

पिछले दिनों हुए महासम्मेलन के दौरान एनएचएम कर्मचारियों की दो मांग पूरी की गई है। इसमें उन्हें उस 33 दिन का वेतन देने की घोषणा की गई है जिसमें वे हड़ताल पर थे। इसी तरह कर्मचारियों और उनके परिवार को कैशलेस इलाज के दायरे में लाने का काम पूरा किया गया है। कर्मचारियों के नियमितकरण की मांग को पेंडिंग रखा गया है और ग्रेड पे के लिए समिति बनाई गई है।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

### रिस्पांस की उम्मीद

ग्रेड पे की मांग काफी समय से की जा रही है। पुरानी कमियों को देखते हुए इस पर नई कमेटी बनाई है जिसमें संगठन के प्रतिनिधि को स्थान दिया गया है। कमेटी अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट देगी जिसमें पॉजिटिव रिस्पांस आने की उम्मीद है।

- **डा. अमित मिरी**, प्रांताध्यक्ष, छत्तीसगढ़ एनएचएम कर्मचारी संघ

## खबर संक्षेप

### महाराणा प्रताप जयंती पर आज राजिम में विशाल शोभायात्रा



**रायपुर।** राजूपत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह ने 17 जून बुधवार को उपसमिति राजिम में महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया है। महासभा के प्रचार सचिव एवं मीडिया प्रभारी डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि राजिम के राजीव लोचन मंदिर के पास स्थित यादव धर्मशाला में महासभा के अध्यक्ष ठा. बजरंग सिंह बैस की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। उसके बाद क्रमशः रक्तदान कार्यक्रम, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, दोपहर का भोजन आदि संपन्न होंगे। उसके बाद अतिथि स्वागत कार्यक्रम तथा विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, विशिष्ट अतिथि शालिनी राजपूत, नपाध्यक्ष महेश यादव होंगे तथा अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष ठा. बजरंग सिंह बैस करेंगे।

### मां धूमावती सिद्धपीठ में अखण्ड ज्योति कलश स्थापना

**रायपुर।** मां धूमावती सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर पं. नीरज सैनी ने बताया कि मां धूमावती सिद्धपीठ में एक वर्षीय अखण्ड ज्योति कलश 11 जून को मां धूमावती जयंती के अवसर पर स्थापित किया जाना है। जो भी धर्मप्रेमी इस आध्यात्मिक कार्य में सहभागी बनना चाहते हैं, वे तय सेवा राशि मंदिर प्रबंधन को प्रदान कर इसमें शामिल हो सकते हैं।

### महिला ई-रिक्शा चालकों को बांटी किट्स



**रायपुर।** राउंड टेबल इंडिया एवं लेडिज सर्किल 180 द्वारा नवा रायपुर के एक सरकारी स्कूल में शौचालय ब्लॉक का उद्घाटन किया गया। साथ ही एयरपोर्ट पर महिला ई-रिक्शा चालकों को आवश्यक किट्स वितरित किए। आर्टिस्टिक वाइब फाउंडेशन रायपुर को एक वर्ष का राशन और व्हीलचेयर दान की गई। ये सभी गतिविधियां लेडिज सर्किल की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिशम सब्बरवाल और एरिया चेयरपर्सन मेघा राठी की उपस्थिति में हुईं। साथ ही चेयरपर्सन नेहा खटोर, मानली अग्रवाल, रितेश बजाज और राजत खटोर भी उपस्थित रहे।

### शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप, केस दर्ज

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए कुछ युवकों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक तुलसीराम साहू, आरक्षक जानकीराम चंद्रवंशी एवं आरक्षक रमेश वर्मा पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात थे। पेट्रोलिंग के दौरान रात लगभग 12.45 बजे विनय यादव अपने अन्य साथियों के साथ होटल अंब्रोसिया के सामने सड़क किनारे खड़ा था। पेट्रोलिंग टीम ने रात्रि अधिक हो जाने के कारण उन्हें अपने घर जाने की समझाइश के साथ हिदायत दी। इसके बाद पेट्रोलिंग टीम गश्त करते हुए जब दोबारा वहां पहुंची तो उस समय भी सभी युवक वहीं खड़े थे। टीम ने उन्हें पुनः घर जाने की हिदायत दी। इस पर विनय सहित अन्य साथियों ने पुलिस कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए वाद-विवाद किया। इस मामले में पुलिस ने विनय के अलावा सुजीत यादव, गोलू देवांगन एवं अन्य के विरुद्ध धारा 221, 121(1), 351 एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### तालाब के किनारे अवैध कब्जा की शिकायत

**रायपुर।** महाराजबंध तालाब के किनारे हो रहे अवैध कब्जों की शिकायत मिलने पर जोन 6 की टीम ने स्थल निरीक्षण कर संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर तालाब क्षेत्र से मुरुम व मिट्टी तत्काल हटाने और गड्ढा बंद करने निर्देश दिए। संबंधित भू-स्वामी द्वारा तालाब क्षेत्र में डाली गई सामग्री को हटाया गया है। जोन आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में महाराजबंध तालाब में भराव व कब्जा संबंधी सभी कार्य बंद हैं।

## जोन 6 ने सीएसईबी को 4 लाख से अधिक की राशि शिफ्टिंग के लिए जमा कराई

# महामाया मंदिर वार्ड की 3 रहवासी बस्तियों को जलभराव से बचाने नाला निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 6 द्वारा महामाया मंदिर वार्ड के निचले हिस्सों में बसी 3 रिहाइशी बस्तियों परशुरामनगर, शिवाजी नगर और मारुति नगर को बारिश के सीजन में जलभराव से बचाव के लिए नाला निर्माण कराया जा रहा है। अधोसंरचना मद से इसके लिए राशि की मंजूरी मिली है। यह नाला गणपत सिंधी स्कूल से दंतेश्वरी मंदिर कुशालपुर तक बनाया जाएगा। नाला निर्माण के लिए रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे के साथ वार्ड पार्षद एवं नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष जयश्री नायक द्वारा पूर्व में भूमिपूजन के बाद निर्माण के लिए एजेंसी तय कर करने टेंडर भी हो चुका है। पर नाला निर्माण कार्य में 9 स्ट्रीट पोल आड़े आने से इसकी शिफ्टिंग कराए बिना कार्य शुरू नही हो पा रहा है। जोन 6 कमिश्नरी ने निगम मुख्यालय में पोल शिफ्टिंग इस कार्य के सुपरविजन चार्ज के साथ शिफ्टिंग कास्ट का इस्टीमेट बनाकर 4 लाख रुपए से अधिक की राशि जमा कराई है। ऐसे में नाला निर्माण के दायरे में आ रहे स्ट्रीट पोल की शिफ्टिंग का इंतजार है। नाला निर्माण में देरी होने की स्थिति एक बार फिर बारिश के सीजन में परशुरामनगर, मारुतिनगर और शिवाजी नगर में गंदा पानी घुसने से लोगों को दिक्कत हो सकती है। इधर निगम के अधिकारियो का कहना है कि अगले बारिश सीजन में महामाया मंदिर वार्ड के 3 बस्तियों के रहवासियों को जलभराव की समस्या से पूरी तरह राहत मिल जाएगी।

### रामनगर कबीर चौक से दिशा कालेज तक 700 मीटर दायरे में नाला निर्माण



नगर निगम जोन 7 द्वारा संत रामदास वार्ड और सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के आधा दर्जन रहवासी बस्तियों को जलभराव से राहत दिलाने 1 करोड़ 27 लाख की लागत से नाला का निर्माण कराने टेंडर कर अजीत सेनापति को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया है। ठेकेदार को 3 माह की समय अवधि में 700 मीटर के दायरे में नाला निर्माण करवाना है। यह नाला रामनगर के कबीर चौक से दिशा कालेज तक बनेगा। वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू ने बताया कि नाला निर्माण में अलग-अलग जगह पर 13 स्ट्रीट पोल की बाधा आ रही है, जिसे सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कराने जोन 7 कमिश्नरी द्वारा सीएसईबी को आवश्यक राशि जमा करा दी गई है। स्ट्रीट पोल शिफ्टिंग का कार्य पूरा होते ही नाला निर्माण का काम शुरू होगा।

### जोन 5 के नाला निर्माण का पार्ट हुआ पूरा, 2 स्ट्रीट पोल की शिफ्टिंग बाकी



नगर निगम जोन 5 कमिश्नरी द्वारा 48 लाख की लागत से प्रोफेसर कालोनी में जलभराव की समस्या से राहत दिलाने काली मंदिर स प्रोफेसर कालोनी तक नाला निर्माण का कार्य कराया गया है। वामनराव लाखे वार्ड के अंतर्गत आने वाले इस नाला का निर्माण पूरा होने के बाद इसके दायरे में आ रहे 2 बिजली खंबों की शिफ्टिंग का कार्य बाकी है। इसके लिए सीएसईबी को जोन 5 कमिश्नरी ने उमिांड राशि जमा करा दी है। जोन कमिश्नर खीरसागर नायक ने बताया कि बुधवार से पोल शिफ्टिंग का कार्य शुरू हो जाएगा। नगरनिगम जोन 5 और जोन 6 क्षेत्र के रहवासी इलाकों को बारिश के सीजन में जलभराव की समस्या से राहत दिलाने महापौर मीनल चौबे द्वारा निगम प्रशासन के माध्यम से नाला निर्माण कार्य की समीक्षा की जा रही है। मंगलवार को वामनराव लाखे वार्ड के प्रोफेसर कालोनी क्षेत्र में नगर निगम द्वारा निर्माणाधीन नाला कार्य के प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरान वार्ड पार्षद कृष्णा सोनकर, जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन कमिश्नर खीरसागर नायक सहित जोन 5 की टीम मौजूद रही। महापौर मीनल चौबे ने नाला निर्माण के बाकी कार्यो को मानसून आने से पूर्व तेज गति से करवाकर पूरा करने निर्देश दिए हैं, ताकि जल निकासी की सुगम व्यवस्था बनाई जा सके। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि प्रोफेसर कालोनी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो।

# जेवरात से भरा बैग लौटाने वाले आरक्षक सहित दो पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सड़क पर गिरे मिले सोने-चांदी के जेवरात से भरे बैग को उसके मालिक तक पहुंचाने का कार्य करने वाले यातायात विभाग के आरक्षक आशुतोष नेताम को पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने नकदी रुपए और प्रशस्ति पत्र देकर सम्म्मनित किया है। इसके अलावा तेलघानी नाका चौक पर ट्रैफिम जाम की समस्या से राहत पहुंचाने वाले आरक्षक दीपक वर्मा को भी सम्मानित किया है।

यातायात थाना भनपुरी में पदस्थ प्रधान आरक्षक 691 आशुतोष नेताम की ड्यूटी 15 जून को भनपुरी तिराहा पर लगी थी। ड्यूटी के दौरान उनकी नजर चौक पर गिरे हुए बैग पर पड़ी। इसे उठाकर देखा, तो उसमें सोने-चांदी के जेवरात जिसकी कुल कीमत लगभग 4 लाख रुपए, नकदी 11700 रुपए सहित आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र आदि कागजात एवं कपड़े रखे मिले। आरक्षक बैग को यातायात थाने ले गया और बैग से बरामद आधार कार्ड में अंकित मोबाइल नंबर पर कॉल करके बैग मलिक को सूचना देकर थाना बुलाकर बैग उसके सुपुर्द किया। इस कार्य के लिए कमिश्नर ने उन्हें दो हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार तेलघानी नाका चौक पर शाम के समय पीक अवर्स में यातायात का अत्यधिक दबाव के कारण जाम की स्थिति निर्मित होती थी। यहां यातायात थाना फाफाडीह से आरक्षक 999 दीपक वर्मा की ड्यूटी लगाई गई है। दीपक जब से यहां ड्यूटी कर रहा है, तब से यहां जाम की स्थिति नहीं बनी है। इसे लेकर इस क्षेत्र के व्यवसायियों ने भी आरक्षक की प्रशंसा की है। पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने पर कमिश्नर ने दीपक को भी पांच सौ रुपए एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विवेक शुक्ला पुलिस उपायुक्त यातायात एवं प्रोटोकॉल, सतीष कुमार ठाकुर, सीमा अहिरवार सहायक पुलिस आयुक्त एवं राकेश ठाकुर थाना प्रभारी यातायात भनपुरी उपस्थित थे।

# 36 विषयों में ऑनलाइन पीएचडी कर सकेंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जुलाई सत्र के लिए प्रारंभ किए गए आवेदन

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2026 सत्र के लिए पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से 1 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय विभिन्न विषयों में पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश प्रदान कर रहा है, जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है।

विश्वविद्यालय के अनुसार, आवेदन पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया शुरू होने की तिथि से 21 दिनों के भीतर आवेदन पत्र जमा करना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपना आवेदन पूरा कर लें।

### ये विषय हैं शामिल

मनोविज्ञान, मानव विज्ञान, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, जैव रसायन विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, भूविज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी, सांख्यिकी, गणित, संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, कंप्यूटर विज्ञान, शिक्षा, दूरस्थ शिक्षा, पर्यावरण विज्ञान, ललित कला, रंगमंच, संगीत, नृत्य, समाज कार्य, प्रबंधन, वाणिज्य, पोषण विज्ञान, बाल विकास, गृह विज्ञान, व्यावसायिक शिक्षा, विकास अध्ययन, जेंडर एवं डेवलपमेंट अध्ययन, अनुवाद अध्ययन, फ्रेंच, अरबी, पत्रकारिता एवं जनसंचार।

### बनाना होगा अकाउंट

छात्रों को सबसे पहले इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट या प्रवेश पोर्टल पर जाना होगा। छात्रों को संबंधित टैब पर क्लिक करके अपना अकाउंट बनाना होगा। मांगी गई जानकारी छात्रों को देनी होगी। इसके बाद पीएचडी कार्यक्रम का चयन छात्रों को करना होगा। आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन ही किया जा सकेगा। इसके अलावा ऑनलाइन अध्ययन के लिए अनिवार्य की गई आईडी भी छात्रों को बनानी होगी।

# रविवि के जेम्स एंड ज्वेलरी कोर्स में अनियमितता की राज्यपाल से शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय में संचालित जेम्स एंड ज्वेलरी पाठ्यक्रम में अनियमितताओं को लेकर प्रदेश के राज्यपाल से शिकायत करके इस मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन को पत्र भेजकर इस कौशल आधारित पाठ्यक्रम के निष्क्रिय संचालन पर गंभीर चिंता जताई है।

पत्र में बताया गया है, राज्य शासन द्वारा इस पाठ्यक्रम हेतु 50 लाख की राशि आवंटित की गई थी, परंतु वर्तमान सत्र में विद्यार्थियों का प्रवेश नगण्य रहा। व्यापारियों ने आरोप लगाया, राशि के उपयोग में पारदर्शिता का अभाव है और पाठ्यक्रम का उद्देश्य ही विफल हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया, राज्यपाल से भेंट के दौरान उन्होंने यह मुद्दा उठाया था, जिस पर राज्यपाल ने कुलपति से चर्चा कर समाधान निकालने का निर्देश दिया था। निर्देश के बाद भी व्यापारियों ने कुलपति से कई बार संपर्क किया, लेकिन उन्हें आज तक कोई स्पष्ट, समयबद्ध और संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। पत्र में कहा गया है कि पिछले कई महीनों से पाठ्यक्रम को लेकर कोई संरचित चर्चा या समीक्षा बैठक नहीं हुई है। छात्रों के प्लेसमेंट और भविष्य का कोई रोडमैप विश्वविद्यालय ने साझा नहीं किया है। प्रवेश बढ़ाने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई औपचारिक पत्राचार तक नहीं हुआ। व्यापारियों ने राज्यपाल से आग्रह किया है कि जेम्स एंड ज्वेलरी पाठ्यक्रम के नियमित व पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित किया जाए। आवंटित 50 लाख की राशि के उपयोग की जांच कराई जाए। विश्वविद्यालय को पाठ्यक्रम के लिए समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जाएं।

# बिजली दर बढ़ोतरी, भनपुरी क्षेत्र में लाइट गुल की समस्या को लेकर शिवानंद नगर बिजली दफ्तर का घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पूर्व एमआईसी सदस्य नागभूषण राव के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन
- बंजारी माता वार्ड और यतियतनलाल वार्ड के रहवासी होंगे शामिल

भनपुरी क्षेत्र में लगातार 3 महीना से बिजली गुल से त्रस्त बंजारी माता वार्ड और यतियतन लाल वार्ड के रहवासी 17 जून को शिवानंद नगर स्थित बिजली विभाग के सहायक कार्यपालन अभियंता कार्यालय का घेराव करेंगे। इसके साथ ही हाल ही में राज्य शासन द्वारा विद्युत दर की वृद्धि पर लोगों का गुस्सा आक्रोश बनकर फूटेगा। बंजारी माता वार्ड के पूर्व पार्षद व पूर्व एमआईसी सदस्य नागभूषण राव के नेतृत्व में दो वार्डो के रहवासी इन मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। यह प्रदर्शन शिवानंद नगर स्थित विद्युत कार्यालय के सामने किया जाएगा। लोगों का कहना है कि आए दिन भनपुरी क्षेत्र में बिना सूचना दिए बिजली गुल करने से गर्मी व उमस के सीजन में बेहद परेशानी हो रही है। शिकायत के बाद भी लोगों की समस्या नहीं सुनी जा रही है, इसके विरोध में बुधवार को शिवानंद नगर के बिजली दफ्तर का घेराव करने बड़ी संख्या में जुटेंगे।

पूर्व पार्षद नागभूपण राव ने बताया कि बिजली दर में बढ़ोतरी से आम जनता को आर्थिक परेशानी से जूझना पड़ेगा, दूसरी तरफ गर्मी के सीजन में रोज शाम भनपुरी क्षेत्र में बेवजह बिजली गुल कर दी जाती हे, यह समझ से परे हैं। इसी बात को लेकर मंगलवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर आम जनता को हो रही परेशानी से अवगत कराएंगे।

### परेशानी इस तरह

भनपुरी क्षेत्र में विगत तीन महीनो से लगातार बिना सूचना दिए बिजली गुल की जा रही है। बिना बारिश और तूफान के विद्युत मंडल द्वारा लगातार बिजली गुल कर दिया जा रहा है इसके चलते भनपुरी क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।

बिजली गुल की शिकायत लोगों द्वारा कॉल सेंटर में किया जाता है , लेकिन इसके बाद भी अधिकारियों द्वारा व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं वहीं खमतराई जोन एवं भनपुरी जोन के बिजली कार्यालय में कर्मचारियों द्वारा फोन रिसीव ही नहीं किया जा रहा है रात को बिजली गुल होने पर लोग जब बिजली आफिस जाते हैं, वहां पर जिम्मेदार कर्मचारी नदारद रहते हैं इसके अलावा विद्युत मंडल के उच्च अधिकारियों से शिकायत करने पर भी लोगों की सुनवाई नहीं हो रही है।

बिजली गुल की समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है लेकिन विद्युत दरों में राज्य शासन द्वारा वृद्धि लगातार की जा रही है एक बार फिर शासन द्वारा लोगों के जेब पर डाका डालते हुए प्रति यूनिट 50 पैसे की बढ़ोतरी की गई है जिसके चलते लोगों में आक्रोश व्याप्त है। राज्य शासन से वृद्धि किए गए हुए दरो को जल्द वापस लेने की मांग की गई है।

# अभनपुर-कुरुद नई ब्रॉडगेज लाइन का स्पीड ट्रायल आज, 110 किमी घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- छोटी लाइन को किया गया है बड़ी लाइन में तब्दील, रेलवे ने लोगों से मवेशियों को ट्रैक से दूर रखने की अपील की

अभनपुर से कुरुद के बीच नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। पटरी बिछाने का काम खत्म होने के बाद अब रेलवे ने इस नई लाइन पर आज सुबह 10 बजे स्पीड ट्रायल करने की पूरी तैयारी कर ली है। यह हाई स्पीड ट्रायल एक स्पेशल ट्रेन के जरिए किया जाएगा। इस दौरान ट्रेन की रफ्तार 110 किलोमीटर प्रति घंटे से भी अधिक रखी जाएगी ताकि ट्रैक की क्षमता और सुरक्षा मानकों को परखा जा सके। बता दें कि अभनपुर से कुरुद के बीच पहले छोटी लाइन, नैरो गेज हुआ करती थी, जिसे अब बड़ी लाइन, ब्रॉड गेज में तब्दील कर दिया गया है। इस नई ब्रॉड गेज लाइन के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। रेलवे की योजना के मुताबिक, ट्रैक का सफल ट्रायल होने और सभी जरूरी मंजूरियां मिलने के बाद भविष्य में इस रूट पर लोकल ट्रेनों के साथ-साथ एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन भी शुरू किया जा सकेगा।

### रेलवे प्रशासन ने जारी की चेतावनी



इस हाई स्पीड ट्रायल को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से अलर्ट जारी किया है। रेलवे ने आम जनता को सूचित करते हुए अपील की है कि ट्रायल के दौरान कोई भी व्यक्ति रेलवे लाइन के करीब न जाए। साथ ही, ग्रामीण अपने मवेशियों को भी रेलवे ट्रैक से पूरी तरह दूर रखें। रेलवे ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि ट्रैक पर आने के कारण होने वाली किसी भी प्रकार की जन-धन या माल की क्षति के लिए रेलवे प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा।

## इस्पात प्लांट विस्तार की जनसुनवाई निरस्त करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** गौरी गणेश इस्पात द्वारा प्रस्तावित प्लांट विस्तार के लिए 18 जून को आयोजित की जा रही जनसुनवाई का जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण ने कड़ा विरोध किया है। रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जनसुनवाई तत्काल निरस्त करने तथा ग्रामीणों की आपत्तियों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम मढ़ी में प्रस्तावित प्लांट विस्तार क्षेत्र हायर सेकेंडरी स्कूल की बाउंड्री से लगा हुआ है। ऐसे में प्लांट से निकलने वाले धूल, धुआं, शोर एवं अन्य औद्योगिक प्रदूषण का सीधा दुष्प्रभाव विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं भविष्य पर पड़ेगा। बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना शासन की जिम्मेदारी है, लेकिन भाजपा सरकार उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए बच्चों के स्वास्थ्य और ग्रामीणों के हितों की अनदेखी कर रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के अध्यक्ष अश्विनी वर्मा ने कहा, पहले से ही क्षेत्र के ग्रामीण प्रदूषण की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में प्लांट का और विस्तार पर्यावरणीय संकट को बढ़ाएगा तथा स्थानीय जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। इस अवसर पर कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, इंटक ब्लॉक अध्यक्ष रतन सोलंकी, रूपेश बघेल, जनपद सदस्य सागरवंसी मढ़ी के सरपंच प्रतिनिधि श्री साहू सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# कलेक्टोरेट की नई कंपोजिट बिल्डिंग निर्माण में एसपी ग्रामीण का दफ्तर बना बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कलेक्टोरेट में 5 मंजिल नई कंपोजिट बिल्डिंग के निर्माण में एसपी भवन की बाधा हटने का नाम नहीं ले रही है। इस भवन का आधा हिस्सा अभी तक तोड़ा नहीं जा सका है, क्योंकि बचे हुए भवन में अब एसपी ग्रामीण का दफ्तर लग रहा है। इस दफ्तर को हटाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने कई बार पत्राचार किया है। इसके बाद भी दफ्तर को खाली नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य फिलहाल आधी भूमि पर जारी है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसरों का कहना है कि बचा हुआ भवन टूटेगा, तभी पूरी भूमि पर निर्माण कार्य शुरू होगा। रायपुर शहर में कमिश्नरेट प्रणाली लागू है, जिसके बाद से पुलिस कमिश्नर के रूप में डा. संजीव शुक्ला कमान संभाले हुए हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के थानों की जिम्मेदारी ग्रामीण एसपी श्वेता सिन्हा श्रीवास्तव को सौंपी गई है। ग्रामीण एसपी का दफ्तर पिछले लगभग चार-पांच महीने से कलेक्टोरेट स्थित पुराने एसपी भवन के आधे हिस्से में संचालित हो रहा है। इस तरह शहर के कमिश्नर के साथ ग्रामीण एसपी का दफ्तर भी शहर में ही लग रहा है।

### शिफ्ट होने के बाद ही कार्य शुरू होगा

पुराने एसपी भवन के आधे हिस्से को तोड़ा जा चुका है, जिस पर कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी तेज गति से चल रहा है। शेष हिस्से में ग्रामीण एसपी का दफ्तर है। इसके शिफ्ट होने के बाद ही यहां कार्य शुरू किया जा सकेगा।

- **प्रभात सक्सेना**, ईई, पीडब्ल्यूडी विभाग रायपुर

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 17 जून 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



● शहर के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव पर दिखे अनमोल नजारे

# माता-पिता की उंगलियां पकड़कर स्कूल के दरवाजे तक पहुंचे नौनिहाल, शिक्षकों ने तिलक लगाकर किया स्वागत

नौनिहालों की उज्ज्वल भविष्य की कामना लिए माता-पिता अपने बच्चों को ज्ञान के मंदिर तक छोड़ने आए। जहां शिक्षक रूपी गुरु उनके भीतर शिक्षा की ज्योति जागृत कर उनके व्यक्तित्व को गढ़ने व उनकी प्रतिभा को तराशने का काम करेंगे। 16 जून से नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हो गई। सुबह शाला नवप्रवेशी नौनिहाल स्कूल के दरवाजे तक अपने माता-पिता के उंगलियां पकड़कर पहुंच गए। पहले दिन पैरेंट्स घर से बच्चों को समय पर स्कूल तक छोड़ने स्वयं के साधन मोटरसाइकिल, स्कूटी पर निकले। कुछ बच्चे आटो तो कुछ स्कूल बसों पर सवार होकर स्कूल पहुंचे। सुबह 7 बजे से ही सरकारी व प्राइवेट, अलग-अलग स्कूलों के रंगबिरंगी यूनिफार्म में बच्चे पैरेंट्स के साथ बाइक, आटो, बस से स्कूल जाते दिखे।



**रायपुर।** नर्सरी, कक्षा-1 के अलावा 8वीं व 12वीं कक्षा तक के नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं अपने पैरेंट्स के साथ स्कूल जाते दिखे। स्कूल पहुंचते ही प्रार्थना के बाद शिक्षकों ने नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं का तिलक-पुष्प से स्वागत कर शाला प्रवेश कराया। शहर के कुछ सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में किस तरह रहा शाला प्रवेश उत्सव, इसकी लाइव रिपोर्टिंग हरिभूमि की टीम ने की। जहां स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव व पहली बार स्कूल जा रहे बच्चों और उनके पैरेंट्स सहित शिक्षकों की तैयारियों का अनमोल नजारे देखने को मिले।

### सुबह 9 बजे : अमलीडीह प्राथमिक स्कूल

अमलीडीह प्राथमिक स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव तिलक व गुलाल लगाकर किया गया। नवप्रवेशी कक्षाओं के सभी बच्चे अपने पैरेंट्स के साथ स्कूल पहुंचे। शासकीय पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला अमलीडीह में प्राचार्य नीता एन्थोनी, प्रधान पाठक आनंद मसीह, पवन साहू और अनिल दुबे शाला विकास समिति के सदस्य की उपस्थिति मे बच्चों को तिलक लगाकर गणवेश, पुस्तक और चॉकलेट देकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। स्कूल की प्राचार्य ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी नव शिक्षण सत्र का शाला प्रवेश उत्सव उत्साह से आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को किताबें और गणवेश वितरित की गई।



### पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश भी वितरित

शासकीय प्राथमिक शाला बस्तीपारा भाटागांव में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस मौके पर प्रधान पाठक शुभांगी शूर, सहायक शिक्षिका आरती तिवारी, अध्यक्ष नीलकमल ध्रुव ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश भी वितरित की गई।



### सुबह 8.30 बजे : आशीर्वाद इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल बैरन बाजार

*आशीर्वाद इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल के द्वार पर नवप्रवेशी कक्षाओं के सभी बच्चे अपने पैरेंट्स के साथ स्कूल पहुंचे। यहां पर प्रार्थना के बाद नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं का तिलक व पुष्प से स्वागत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया। इसके अलावा होलीक्रॉस स्कूल पेंशनबाड़ा, प्यारेलाल स्कूल के बाहर भी शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों व उनके पैरेंट्स के अनमोल नजारे देखते ही बन रहे थे।*

### सुबह 8.19 बजे : पुलिस पब्लिक स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव

नर्सरी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने स्कूल के पहले दिन माता-पिता की उंगली पकड़कर पुलिस पब्लिक स्कूल के मुख्य गेट से पैदल चलते हुए प्रवेश किया। पैरेंट्स बच्चों के स्कूल बैग लिए स्कूल के नर्सरी ब्लॉक के द्वार तक पहुंचे, जहां द्वार पर स्कूल की आया मैडम को स्कूल बैग सौंपते हुए बच्चों को कक्षा में जाने का स्नेह भरी नजरों से इशारा करते हुए धीरे से हाथ छुड़ाया, ना-नुकुर करते हुए बच्चे, फिर मम्मी-पापा का हाथ छोड़ते हुए आया के साथ कक्षा में चले गए। यह दृश्य शाला प्रवेश उत्सव के पहले दिन बैरन बाजार लाइन रोड स्थित पुलिस पब्लिक स्कूल में दिखा।

### सुबह 11 बजे : दानी गर्ल्स स्कूल

लगभग सुबह 11 बजे कालीबाड़ी स्थित दानी गर्ल्स स्कूल में नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक-गुलाल लगाकर शाला प्रवेश कराया गया। स्कूल में भी नवप्रवेशी छात्राएं पैरेंट्स के साथ पहुंचीं। स्कूल के बाहर बाइक, स्कूटी पर छात्राओं को शाला प्रवेश उत्सव कराने लेकर पहुंचते दिखें। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य हितेश दीवान ने शिक्षकों के साथ बच्चों के स्वागत कर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यार्थियों का तिलक से स्वागत, यूनिफार्म, पुस्तक वितरण कर किया गया।

### पहले दिन जल्दी स्कूल से छूटे बच्चे

इन सभी स्कूलों में सुबह 8.30 को कक्षाएं प्रारंभ हुईं और दोपहर 12.30 बजे से 1 बजे तक नर्सरी व प्राइमरी कक्षा के बच्चों को छुट्टी दे दी गई। वहीं 6वीं से 8वीं कक्षा के स्कूली बच्चों की दोपहर 2 बजे छुट्टी हुई, जबकि 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की कक्षा दोपहर 3 बजे छूटी। शिक्षकों ने बताया कि नर्सरी कक्षा से लेकर 8वीं कक्षा तक सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्कूल की समय सारिणी निर्धारित की गई है।



## सिटी इवेंट

## लाइफकास्टिंग का बढ़ा ट्रेंड, फैमिली मेंबर्स के हाथ-पैरों की नमूने तैयार कराकर संजो रहे लोग



**रायपुर।** शहर में 3-डी लाइफकास्टिंग आर्ट्स का नया ट्रेंड शुरू हुआ है। लाइफकास्टिंग आर्ट्स के जरिए लोग अपने और फैमिली मेंबर्स के हाथ-पैरों की अलग-अलग थीम व डिजाइन में नमूने बनवाकर स्मृति चिन्ह के तौर पर घरों में संजोकर रख रहे हैं। इस आर्ट्स का ट्रेंड कपल्स, पहली बार माता-पिता बने दंपति, ज्वाइंट फैमिली में काफी देखा जा रहा है। शहर में 3-डी लाइफकास्टिंग आर्ट्स की आर्टिस्ट मनीत खनूजा से बातचीत के दौरान बताया कि यह विशेष तरह के एक इंप्रेशन पाउडर व लिक्विड, क्ले से लोगों के हाथ-पैरों की लकीरें, नाखूनों की स्पष्ट प्रतिरूप को ठोस अवस्था में जीवंत प्रतीक चिन्ह में क्रॉफ्टिंग व फ्रेमिंग करने की कला है। इस आर्ट्स से आजकल नवजात शिशु के जन्म के तुरंत बाद उनके स्वागत के लिए समय-तिथि, नाम के साथ 3-डी लाइफकास्टिंग से उनके हाथ-पैरों के स्मृति चिन्ह व पूरे फैमिली के हाथ, पैरों का 3-डी लाइफकास्टिंग आर्ट्स फ्रेमिंग बनवा रहे हैं।

### कास्ट 4500 रुपए से शुरू

शहर की लाइफकास्टिंग 3-डी आर्टिस्ट बताती हैं कि एक हाथ एवं पैरों के 3-डी लाइफकास्टिंग नमूना बनाने उसमें तारीख, टाइमिंग, नाम के साथ फ्रेमिंग की कास्ट 4500 रुपए तक न्यूनतम लगती है, जबकि दोनों हाथों, दोनों पैरों की 3-डी लाइफकास्टिंग नमूना तैयार करने के साथ-साथ नाम, तारीख, समय के साथ फ्रेमिंग का कास्ट अधिकतम 7700 रुपए तक लग जाते हैं। आर्टिस्ट द्वारा फ्रेमिंग, लाइफकास्टिंग नमूना तैयार करने के लिए यूज मेटेरियल्स व प्रोसेस के हिसाब से देखें तो यह न्यूनतम कास्ट चार्ज है।

### ऐसे तैयार होते हैं लाइफकास्टिंग 3-डी आर्ट्स कास्ट

आर्टिस्ट मनीत खनूजा ने बताया कि अप्रोच करने वाले फैमिली के सदस्यों के हाथ-पैर का लाइफकास्ट तैयार करने के लिए सबसे पहले इंप्रेशन पाउडर व लिक्विड, क्ले तैयार कर उसी फ्रेम में हाथ-पैरों के नमूने लेते हैं। इसमें हाथ, पैरों की लकीरें, नाखूनों, अंगूठी, ब्रेसलेट का स्पष्ट प्रतिरूप कास्ट करते हैं। सूर्य की रोशनी में नेचुरल तरीके से कास्ट किए नमूने को सुखाने, कलर करने और फ्रेमिंग में पूरे एक महीने की प्रोसेस लगती है, तब जाकर लाइफकास्टिंग 3-डी आर्ट्स कास्ट होता है। शहर में पिछले 3 साल में लाइफकास्टिंग का ट्रेंड काफी बढ़ गया है।

### यूट्यूब से सीखी कला, अब विदेशों तक हुनर का डंका

आर्टिस्ट मनीत खनूजा ने बताया कि शहर की ऐसी फैमिली के सदस्य, जो विदेशों में रहते हैं, वे भी अप्रोच कर 3-डी लाइफकास्टिंग बनवा रहे हैं। पिछले 3 साल में लाइफकास्टिंग का ट्रेंड काफी बढ़ गया है। महीने में कम से कम 8 से 10 लोगों से एडवांस में लाइफकास्टिंग का ऑर्डर मिल जा रहा है। उन्होंने यूट्यूब से देखकर इस आर्ट्स को सीखा और खुद का लाइफकास्टिंग स्टूडियो शुरू किया है।

## गम की हर दीवार है ऊंची...काव्य पंक्ति सुन गदगद हुए श्रोता

### छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन में काव्य गोष्ठी का आयोजन छत्तीसगढ़ी हिंदी साहित्य मंडल द्वारा किया गया। काव्य गोष्ठी का आगाज कवि शिवशंकर गुप्ता की पंक्ति गम की हर दीवार है ऊंची, थोड़ा झुककर भी निकल जाया करो...से हुई। यह पंक्ति सुन काव्य गोष्ठी में उपस्थित काव्य प्रेमी गदगद हो उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबर शुक्ला 'अंबरीश' ने की। वहीं छत्तीसगढ़ी हिंदी साहित्य मंडल के सचिव सुनील पांडे ने संचालन एवं गोपाल सोलंकी ने संयोजन किया। इसके बाद कवियों ने अविरल हास्य, वीर रस और प्रेम गीतों से आयोजन में काव्य के रंग घोले। कवयित्री मीता अग्रवाल ने अपनी पंक्ति नैन की भाषा निमंत्रण, नैन ही समझे सुझाए...विपुल तिवारी ने एक शख्स को आता देख रहा है...मीनाक्षी वाजपेई ने आपरेशन सिंदूर पर पढ़ा...अभी अभी मेरी मांग भरी थी...डॉ. जेके डागर विद्यासागर ने हर समस्या का एक समाधान रहता है...और मयूराक्षी मिश्रा ने जिनके सर पे बुजुर्गों का हाथ रहे...पंक्तियों का पाठ कर काव्य गोष्ठी को आनंद से भरकर यादगार बनाया।



### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर डॉ. महेंद्र ठाकुर, भगवती चरण यदु 'बागी', लतिका भावे, सुरेंद्र रावल, एनपी विश्वकर्मा तृण, चंद्रकांता अग्रवाल, संजीव ठाकुर, डॉ. कमल वर्मा, तेजपाल सोनी, राजेंद्र ओझा, डॉ. युक्ता राजश्री, सीमा जैन, छबिलाल सोनी, डॉ. कोमल प्रसाद राठौर, डॉ. जेएस उर्कुरकर, यशवंत यदु यश, मो. हुसैन, शालू सूर्या, लक्ष्या सूर्या, भव्या सूर्या आदि उपस्थित रहे।*

## कैलाश मानसरोवर से वापसी, यात्रियों का आज एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत



**रायपुर।** नमन हॉलिडेज द्वारा संचालित कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 के सभी यात्रियों ने अपनी पवित्र और कठिन यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। भगवान शिव के दर्शन और परिक्रमा कर तीर्थयात्रियों का यह जत्था 17 जून को प्रातः 10 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुंच रहा है। यात्रा के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर एयरपोर्ट परिसर में परिजनों और शुभचिंतकों द्वारा यात्रियों के लिए स्वागत का आयोजन किया गया है। कैलाश मानसरोवर की यात्रा अपने कठिन रास्तों, ऊंचाइयों और प्रतिकूल मौसम के लिए जानी जाती है।

### योग दिवस को लेकर अभी से उत्साह, योग गुरुओं एवं संस्थानों ने शुरू किए शिविर, प्रतियोगिताएं भी

# योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर योगाचार्य 45 मिनट के सत्र में कराएंगे लाभकारी योगाभ्यास

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** विश्व योग दिवस को लेकर अभी से योगगुरु, योग संस्थाएं और योग के विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। 21 जून योग दिवस को योगगुरु प्रोटोकॉल के अनुसार सुबह 7 बजे से योग अभ्यास कराएंगे। इस साल योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर बाग बगीचों, स्कूल-कॉलेज कैंपस व विविध सार्वजनिक स्थलों पर योगगुरु 45 मिनट के सत्र में प्रोटोकॉल के मुताबिक हर वर्ग के प्रतिभागियों को उत्कृष्ट एवं लाभकारी योगाभ्यास कराएंगे। इसी कड़ी में योगाचार्य एवं संस्थाएं योग दिवस से पूर्व ही योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर, योग प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरू कर दिए हैं। ताकि लोगों को अधिक से अधिक संख्या में योग से जोड़ा जा सके और उसके लाभ से परिचित कराया जा सके। शहर में ऐसे ही निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर व प्रतियोगिताए आज से शुरू हो रहे हैं, जहां योगाभ्यास सिखाया जाएगा।



### 180 विद्यार्थी करेंगे योग दिवस पर योगाभ्यास

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के फिजिकल स्टडी डिपार्टमेंट की योगागुरु मेघा श्रीवास्तव ने बताया कि दिवस को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। योग दिवस पर एमए योग संकाय, एमपीएड, पीबीएड के कुल 180 छात्र-छात्राएं योगाभ्यास में भाग लेंगे। इसके अलावा विश्वविद्यालय के योगा एवं मेडिटेशन क्लब से जुड़े प्रतिभागी भी योग दिवस पर योगाभ्यास में भाग लेंगे।



### एनआईटी कैंपस में योग प्रतियोगिता

शहर की योगगुरु मंजू शुक्ला ने बताया कि एनआईटी कैंपस में बने डोम में योग कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रोटोकॉल के मुताबिक 45 मिनट के सत्र में विविध लाभकारी योगाभ्यास प्रतिभागियों को कराया जाएगा। इसके अलावा आज योग कैंप के प्रतिभागियों के लिए योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इससे योग दिवस को लेकर प्रतिभागी उत्कृष्ट योगाभ्यास का प्रदर्शन कर सकेंगे।

### आज से निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर

शहर से लगे हुए ग्राम गुमा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर व शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय तेंदुआ के संयुक्त तत्वावधान में आज से 21 जून तक पांच दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक शासकीय प्राथमिक शाला गुमा में आयोजित किया जा रहा है। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी तेंदुआ डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज ने बताया कि शिविर में एनीमिया, अम्लपित्त, वातव्याधि, तनाव, मोटापा ,थाईराइड, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं के बचाव व नियंत्रण के लिए योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा प्रतिभागियों को विभिन्न रोगों के अनुसार योगाभ्यास व आवश्यक परामर्श प्रदान किया जाएगा।

**धर्म लाइव**

## सर्वमंगल फाउंडेशन ने सुंदरकांड और गोसेवा कर की लोककल्याण की मंगलकामना



**रायपुर।** लोककल्याण और 'सर्वहिताय-सर्वसुखाय' की मंगलकामना को लेकर सेवाभावी संस्था 'सर्वमंगल फाउंडेशन' द्वारा पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर देवेंद्र नगर स्थित संस्था के कार्यालय में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की बहनों ने यहां गौ-सेवा, भजन-पूजन और सुंदरकांड का संगीतमय पाठ कर भक्ति की गंगा में डुबकी लगाई और ईश्वर की आराधना की। संस्था की अध्यक्ष अनिता दुबे ने बताया कि पुराणों में पुरुषोत्तम माह का विशेष महत्व बताया गया है, जो हर तीन वर्ष में एक बार आता है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने विभिन्न वाद्ययंत्रों की धुन पर सुमधुर भजन गाकर भक्तिरस का भरपूर आनंद लिया। सुंदरकांड पाठ और भजन-पूजन के पश्चात सभी आमंत्रित मातृशक्तियों और बहनों को सुहाग व श्रृंगार सामग्री के साथ प्रसादी भेंटकर उनके सुखद और मंगलमय जीवन की कामना की गई।

**इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति**

इस भक्तिमय आयोजन में सनातनी बहनों का गजब का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकुमारी गुप्ता, अनुपम गुप्ता, रंजना त्रिपाठी, कल्पना शुक्ला, संध्या तिवारी, मनोरमा बाजपेयी, अनुराधा दुबे, अनुपमा शर्मा, श्वेता शर्मा, बृजेश त्रिपाठी और शीतल पटेल सहित काफी संख्या में महिलाओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

**सिटी लाइव**

## वन बंधु परिषद महिला समिति की वार्षिक बैठक में बच्चों की शिक्षा पर हुई चर्चा



**रायपुर।** वन बंधु परिषद महिला समिति की वार्षिक बैठक मंगलवार 16 जून को मैग्नेटो मॉल स्थित संतोष हॉल में संपन्न हुई। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि बैठक में वर्षभर की गतिविधियों एवं संस्था के कार्यों का ब्योरा साझा किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला समिति प्रभारी अनिता खंडेलवाल ने बताया कि बैठक में संस्था की कार्यप्रणाली सहित प्रकल्पों एवं आगामी योजनाओं की रणनीति भी तय की गई, इस दौरान संस्था को आगे बढ़ाने में सफल योगदान देने वाले सदस्यों का भी सम्मान किया गया। वही अध्यक्ष कांता सिंघानिया एवं सचिव सरिता रेखानी ने बताया कि वन बंधु परिषद द्वारा देशभर में एकल विद्यालयों का संचालन किया जाता है, जहां वनांचल क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाती है।

**ये रहे उपस्थित**

संस्था शिक्षा (साक्षरता), आरोग्य (स्वास्थ्य सेवा), ग्रामोत्थान (विकास शिक्षा), संस्कार (मूल्य आधारित शिक्षा) और नारी सशक्तिकरण पर केंद्रित है। बैठक में प्रमुख रूप से शशि सुरेंद्र दुबे, फूल नत्थानी, मनीषा सिंघानिया, अंजलि अग्रवाल, प्रेमलता अग्रवाल, मीणा अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, रंजना मित्तल, राजश्री गुप्ता, सविता सोनी, छाया राठौर, नंदिनी वर्मा, शैल यदु, सावित्री कश्यप, सुशीला अवधिया, मधु मित्तल, किरण अग्रवाल, उमा चंडीरमानी, पुष्पा साहू, संध्या गुप्ता, ऋतु खंडेलवाल, शीला सिंह, शर्मिष्ठा गुप्ता, अनिता लालवानी, कल्पना खंडेलवाल, रेणुका शर्मा, रेखा अग्रवाल, इंदु पटेल, शशि लोढ़ा, सरिता खंडेलवाल, शुभांगी आप्टे सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहीं।

**लाइव इवेंट**

## बौद्धिक-शारीरिक सत्रों से जागा राष्ट्र सर्वोपरि का भाव



**रायपुर।** राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को हर भारतीय के हृदय में जगाने के संकल्प के साथ राष्ट्र सेविका समिति का दो दिवसीय परिचय वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर, देव नगर जामुल में आयोजित किया गया था। देश सेवा परम् व्रतम् की मध्यवर्ती कल्पना पर आधारित इस वर्ग में 30 शिक्षार्थियों ने सहभागिता की। समिति विगत 90 वर्षों से अनवरत इस दिशा में कार्य कर रही है। वर्गाधिकारी सुनीता साहू ने बताया कि परिचय वर्ग में सदस्यों को समिति परिचय, समिति कार्य एक श्रेष्ठ रचनात्मक कार्य, मेरी दिनचर्या की गुणवत्ता, राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका और देशभक्ति अर्थ एवं व्यवहार जैसे विषयों पर बौद्धिक सत्र,

**समापन सत्र में देश कल्याण का संकल्प**

वर्ग के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि प्राध्यापिका रजत लता ताम्रकार ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासित और तेजस्वी बहनों को देखकर भारत का भविष्य उज्ज्वल परिलक्षित हो रहा है। आधुनिक युग में संस्कृति का इतना सुंदर संरक्षण विरले ही दिखता है। मुख्य वक्ता प्रांत सह प्रचार-प्रसार प्रमुख अंशु सिंह ने कहा कि यह समिति महिलाओं का, महिलाओं के द्वारा है, परंतु मात्र महिलाओं के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए है। देशप्रेम तभी सार्थक है जब हम देश की भक्ति करें। उन्होंने कहा कि मनसा-वाचा-कर्मणा हर कृत का केंद्र देश कल्याण होना चाहिए।

---

### 800 जोड़ों के सूरीमंत्र महापूजन से धर्ममय हुआ इंडोर स्टेडियम

# 26 साधु-साध्वियों की निश्रा में जैन समाज के 'महापर्व' का शंखनाद, भजन गायिका अनुराधा पौडवाल ने दी प्रस्तुति

बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में मंगलवार को तीन दिवसीय आचार्य पदारोहण, सहस्रावधान एवं तपस्या महोत्सव का धार्मिक वातावरण में शुभारंभ हुआ। सकल जैन समाज छत्तीसगढ़, अखिल भारतीय खरतरगच्छ महासंघ तथा महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस समारोह में देशभर से आए पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। भगवान महावीर और जिन शासन के जयघोष से पूरा स्टेडियम परिसर गूंज उठा। महोत्सव के प्रथम दिवस के सभी धार्मिक अनुष्ठान 26 साधु-भगवंतों एवं 16 साध्वी-भगवंतियों की पावन निश्रा में संपन्न हुए।



**रायपुर।** महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुनील पारख एवं महासचिव अशोक कांकरिया ने बताया कि दूसरे दिन बुधवार को प्रातः 7.30 बजे एक दुर्लभ एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। 14 वर्षीय बालमुनि शतावधानी हंसभद्र मुनिजी द्वारा सहस्रावधान का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अनूठी प्रस्तुति में वे श्रद्धालुओं द्वारा पूछे गए एक हजार प्रश्नों को क्रमबद्ध रूप से स्मरण कर पुनः प्रस्तुत करेंगे। आयोजकों के अनुसार, यह आयोजन भारतीय जैन इतिहास में एक अद्वितीय अध्याय सिद्ध होगा।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित दिग्गज होंगे शामिल




बुधवार को इस महाआयोजन में ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष, रमेन डेका, राज्यपाल (छत्तीसगढ़), विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री, डॉ. रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष शामिल होंगे। भक्ति संध्या में सुरों का दरबार बुधवार शाम को परमात्म भक्ति संध्या का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसमें मुंबई के सुप्रसिद्ध भजन गायक ऋषभ संभव जैन अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेंगे। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर के लोकप्रिय कलाकार झाड़ी जयपुर की विशेष प्रस्तुति समूचे वातावरण को संगीतमय बना देगी। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में समिति के मुख्य संरक्षक राजेश मूणत, संयोजक राजेश बुरड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक बरड़िया व ललित पटवा, कोषाध्यक्ष बसंत झाबक और प्रचार-प्रसार समिति के अजय मालू, कन्हैया लूनावत एवं भूपेंद्र कोटड़िया सहित पूरी टीम सक्रिय भूमिका निभा रही है।

### पीले वस्त्रों में 800 जोड़ों ने किया सूरीमंत्र महापूजन

प्रथम दिवस की शुरुआत प्रातः 8 बजे वृहद शांतिधारा अभिषेक के साथ हुई। इसके पश्चात सुबह 9 बजे अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त विधिकारक मनोज बाबूमल हरण के सान्निध्य में 800 जोड़ों ने भव्य सूरीमंत्र महापूजन किया। पीले वस्त्र धारण किए हुए सैकड़ों दंपतियों द्वारा एक साथ किए गए मंत्रोच्चार और आराधना से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे श्री अरिहंत पूजा मंडल (पाली) द्वारा भगवान आदिनाथ के पंच कल्याणकों पर आधारित विशेष 'आदिनाथ पंचकल्याणक पूजन' संपन्न कराया गया। यह संपूर्ण दिव्य आयोजन गणाधीश विनयकुशल मुनिजी, बालमुनि हंसभद्रजी, तप चक्रवर्ती वीरभद्र मुनिजी (विराग मुनिजी), पियूष सागरजी तथा राष्ट्रसंत नेपाल केशरी मणिभद्र मुनिजी महाराज साहब के पावन सान्निध्य में हो रहा है। तप, जप और साधना के इस अद्भुत क्रम में तप चक्रवर्ती वीरभद्र मुनिजी महाराज का 167वां उपवास निरंतर गतिमान है, जो समाजजनों के लिए बड़ी प्रेरणा का केंद्र बना हुआ है।

---

## सुनी-सुनाई बातों पर विश्वास न करें, छोटी सी नेगेटिव बातें रिश्तें बदल देती हैं



**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में आध्यात्मिक समागम संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की क्षेत्रीय निर्देशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी के शुभागमन पर आयोजित इस कार्यक्रम में आसपास के सेवाकेंद्रों से आए 500 से अधिक भाई-बहनों ने आध्यात्मिक उन्नति के सूत्र सीखे। हेमलता दीदी ने कहा कि पूर्व संस्कारों के वश हमारे बोल व कर्म से किसी को दुख न पहुंचे, इसका ध्यान रखना ही सच्ची तपस्या है। परमात्म ज्ञान का मुख्य सार है स्वयं को आत्मा निश्चय कर हर कर्म करना।

### तेजस्वी और प्रियांशी ने दी नृत्य प्रस्तुति

कार्यक्रम की शुरुआत में ब्रह्माकुमारी दुर्ग की संचालिका रीटा दीदी ने हेमलता दीदी का स्वागत किया और कहा कि उनके निर्देशन में इंदौर जोन के सभी सेवाकेंद्रों को समय-समय पर अनुभवयुक्त मार्गदर्शन मिलता रहता है। उनकी तपस्या व कुशाग्र बुद्धि के बल से मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ ने ब्रह्माकुमारीज में विशिष्ट पहचान बनाई है। इस अवसर पर कुमारी तेजस्वी, प्रियांशी, युक्ति और चंद्राणी ने मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।

### आत्मा का स्वधर्म शांति है, इसे महसूस करें

आंतरिक तपस्या का महत्व बताते हुए दीदी ने कहा अभी हम आंतरिक तपस्या कर रहे हैं। स्वयं को इतना शांत बना सकते हैं कि कोई कुछ भी उल्टा करे, मेरा मन हलचल में न आए। व्यर्थ संकल्प न चलें। हर परिस्थिति में मन शांत रहे, क्योंकि आत्मा का स्वधर्म शांति है। इसे महसूस कर स्वयं को परिवर्तन करना है। उन्होंने कहा कि परमात्म ज्ञान सुनने का अर्थ है उसको आचरण में लाना। हर दिन देखना कि मेरे में दिव्यता कितनी आई है।

### पीएम मोदी का आगमन दीदी की तपस्या का फल

मंच संचालन करते हुए ब्रह्माकुमारी रूपाली ने हेमलता दीदी के साथ के अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज ब्रह्माकुमारीज का भिन्न-भिन्न स्थानों में व्यापक विस्तार हो रहा है। दीदी के निर्देशन में ही रायपुर स्थित शांति शिखर के उद्घाटन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हुआ। यह सब दीदी की दृढ़ इच्छाशक्ति व तपस्या का फल है। दो घंटे चले इस आध्यात्मिक समागम में उपस्थित भाई-बहनों ने मौन साधना और राजयोग का अभ्यास भी किया। हेमलता दीदी ने सभी को प्रतिदिन आत्म निरीक्षण करने और परमात्मा द्वारा दिए गए ज्ञान को जीवन में उतारने का संकल्प दिलाया।

## छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को मिला कल्चरल टूरिज्म विनर अवार्ड



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सांस्कृतिक पहचान और पर्यटन क्षमता का परचम लहराया है। गोवा में आयोजित प्रतिष्ठित इंडिया टुडे टूरिज्म समिट एंड अवॉर्ड्स-2026 में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को ''कल्चरल टूरिज्म विनर'' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अद्वितीय जनजातीय परंपराओं, स्थानीय लोककला और पर्यटन विकास के क्षेत्र में किए गए नवाचारों को मिली राष्ट्रीय मान्यता है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने यह सम्मान प्रदान किया, जिसे राज्य की ओर से पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने ग्रहण किया। इस अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत सहित बिहार, तेलंगाना, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और गोवा के पर्यटन मंत्री तथा देशभर के पर्यटन विशेषज्ञ और उद्योग प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### जीवंत संस्कृति और जनजातीय विरासत से बनी छत्तीसगढ़ की पहचान

यह सम्मान छत्तीसगढ़ द्वारा अपनी समृद्ध लोक संस्कृति, जनजातीय परंपराओं, कला, हस्तशिल्प, लोक उत्सवों और सांस्कृतिक धरोहरों को पर्यटन विकास से जोड़ने के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण सफलता है। इस सत्र में पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, पर्यटन विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन तथा छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने राज्य की पर्यटन उपलब्धियों, नवाचारों, निवेश संभावनाओं और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से विचार रखे।

---

### बरसात शुरू होने से पहले प्रकृति प्रेमियों की तैयारी, वन विभाग और मेंबर्स से जुटाएंगे पौधे, करेंगे पहल

# प्रकृति को संवारने एक साथ 51 हजार से अधिक पौधे रोपेंगी संस्थाएं, इनमें आम, नीम समेत 20 तरह के पौधे शामिल

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** 'बरसात की दस्तक से पहले प्रकृति को संवारने और हरा-भरा रखने की चाहत रखने वाली सरोकार से जुड़ी संस्थाओं ने आम, नीम, पीपल, बरगद, सागौन सहित 20 तरह के पौधों को रोपने से पहले लक्ष्य तय किया है। वहीं प्रकृति को हरा-भरा रखने के लिए ग्रीन आर्मी ने 51 हजार पौधे रोपने का संकल्प लिया है। अन्य संस्थाओं ने भी 400 से 600 पौधे रोपने का निर्णय लिया है। शहर के लगभग सभी क्षेत्र में छोटी-बड़ी नर्सरी का संचालन करने वाले 100 से अधिक युवाओं को डेढ़ लाख से अधिक पौधे बिकने की उम्मीद है।' ग्रीन आर्मी संस्था ने इस सीजन में भी वृहद पैमाने पर 51 हजार पौधे रोपने का संकल्प लिया है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए नीम, पीपल, बरगद, सागौन, महुआ, काला जामुन सहित 20 तरह के पौधे रोपने की तैयारी है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने बताया कि सभी मेंबर्स से स्थल चयन की जानकारी और सुझाव मांगे गए हैं। इसके बाद वन विभाग से मिलने वाले पौधों के अलावा मेंबर्स से प्राप्त होने वाले डोनेट पौधों को इस बार 200 स्थानों पर रोपने की तैयारी है। इनमें एम्स, स्कूल, कॉलेज, तालाब, आरडीए, हाउसिंग बोर्ड द्वारा गार्डन के लिए तय किए गए खाली स्थानों के अलावा कई नए स्पॉट का चयन होना बाकी है। उन्होंने बताया कि 4 फीट से ऊंचे पौधे नर्सरी से नहीं, बल्कि वन विभाग से मिलते हैं।



### आपसी सहयोग से भी खरीदेंगे पौधे

इस क्रम में सरोकार से जुड़ी संस्था चरामेति फाउंडेशन ने भी तैयारी शुरू की है। संस्था प्रमुख प्रशांत महतो और मेंबर राजेंद्र ओझा ने बताया कि पौधारोपण के लिए इस सीजन में 400 का लक्ष्य तय किया है। कुछ पौधे वन विभाग से मिल जाते हैं। इसके अलावा तय लक्ष्य को पूरा करने के लिए जरूरत पड़ने पर प्राइवेट नर्सरी से भी जामुन, आम, नीम, सागौन, पीपल, शहतूत और अमरूद के पौधों को प्राथमिकता से खरीदते हैं। वन विभाग से भी अलग-अलग तरह के पौधे रोपण के लिए मिलते हैं। कुशालपुर क्षेत्र के सरकारी स्कूलों और तालाबों के पास, एम्स परिसर के अलावा कोरबा में संस्था ने बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया है।

### नर्सरी संचालकों को बरसात का इंतजार, मंगाएंगे पौधे

खम्हारडीह, वीआईपी रोड, भाठागांव, रायपुर और जीई रोड सहित कचना और सुंदर नगर में 100 छोटी-बड़ी नर्सरी संचालित हैं। दीपक अठवानी और रवि यादव ने बताया कि इस बार 1500 से 2000 पौधे संस्थाओं के माध्यम से बिकने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि बरसात शुरू होने के बाद आम, नीम, पीपल, बरगद, अनार, अमरूद सहित 20 तरह के करीब 4 फीट ऊंचे पौधे आंध्रप्रदेश से मंगाते हैं। नर्सरी में ज्यादातर फूल और फलदार पौधों को ही लोग प्राथमिकता देते हैं। नवीन प्रीतवानी ने बताया कि सभी नर्सरी संचालकों के पास आमतौर पर संस्थाएं एक या दो दिन पहले ही डिमांड करती हैं। इस बार करीब डेढ़ लाख पौधे बिकने की उम्मीद है।

### मुक्तिधाम में प्रकृति सेवा के लिए पहल



सरयूबांधा मुक्तिधाम परिसर में इस साल भी कृष्ण मित्र फाउंडेशन और सहयोगी संस्थाओं की सहभागिता से 600 से अधिक पौधे रोपने की तैयारी है। फाउंडेशन प्रमुख माधव लाल यादव ने बताया कि संस्था द्वारा इस सीजन में 101 पौधे रोपे जाएंगे। इसके अलावा अलग-अलग संस्थाओं के सहयोग से भी 500 से अधिक पौधे रोपने की तैयारी है। इनमें माहेश्वरी सभा की महिलाओं के अलावा प्रकृति की ओर और जिंदगी ना मिलेगी दोबारा संस्था द्वारा इस बार भी पौधरोपण के लिए सहमति दी गई है। इससे पहले कृष्ण मित्र फाउंडेशन ने 1100 पौधे रोपने का लक्ष्य पूरा किया है।

### 501 पौधे रोपने का लक्ष्य, बनेंगे सहयोगी

प्रकृति के संरक्षण में सहभागिता निभाने वाली शकुंतला फाउंडेशन की संस्थापिका स्मिता सिंह ने बताया कि इस बर साल में 501 पौधे रोपने का संकल्प है। इसमें कैवल्य धाम वृद्धाश्रम परिसर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र को प्राथमिकता में रखा गया है। वहां पौधों को सहेजने की जिम्मेदारी आसपास के लोग बखूबी निभाते हैं। इस क्रम में टिकरापारा स्थित मुक्तिधाम परिसर में भी आम, नीम, पीपल, बरगद, अनार, अमरूद सहित कई तरह के पौधे रोपे जाएंगे। इसके लिए कुछ पौधे संस्था मेंबर्स की सहभागिता से खरीदे जाते हैं, कुछ पौधे वन विभाग के माध्यम से प्राप्त होते हैं। इनके संरक्षण का प्रयास हम करते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ से चार म्यू थाई खिलाड़ी मलेशिया रवाना



**रायपुर।** आईएफएमए सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप और वर्ल्ड स्कूल चैंपियनशिप कुआलालंपुर (मलेशिया) में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ से 02 महिला और 02 पुरुष म्यूथाई खिलाड़ियों और एक अधिकारी मलेशिया के लिए रवाना हो गए है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी (आईओसी) से मान्यता प्राप्त संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ म्यू थाई एसोसिएशन (आईएफएमए) की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (यूएमएआई) द्वारा सीनियर महिला-पुरूष (23 वर्ष और 23 वर्ष से ऊपर) वर्ग की यह प्रतियोगिता हो रही है।

भारतीय म्यू थाई दल म्यू थाई फेडरेशन (यूएमएआई) के महासचिव श्रीराम चौधरी (राजस्थान) के नेतृत्व में 30 सदस्यीय सीनियर वर्ग और 18 सदस्यीय स्कूल विद्यार्थियों का भारतीय म्यूथाई दल कुआलालंपुर (मलेशिया) के लिए रवाना हुआ।

उल्लेखनीय हैं कि वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन 17 से 26 जून तक और वर्ल्ड स्कूल गेम्स का आयोजन 17-21 जून तक कुआलालंपुर (मलेशिया)) में ही किया जा रहा है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि रायपुर से टिकेश्वरी साहू (कोच - खेल एवँ युवा कल्याण दंतेवाड़ा, दक्षिण बस्तर) और प्रवीण कृष्ण जायसवाल सीनियर वर्ग में तथा रायपुर की समिधा अग्रवाल और जगदलपुर (बस्तर) के युवराज सिंह वर्ल्ड स्कूल चैंपियनशिप में भाग लेंगे। म्यूथाई फेडरेशन यूएमएआई के एथलिट कमीशन के चैयरमेन अमन यादव विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी रायपुर के संचालक और अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई खिलाड़ी एवं कोच को भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मलेशिया में भारत का प्रतिनिधित्व करने बुलाया गया है।

साहू और मेमन ने आगे बताया कि वर्ल्ड म्यूथाई चैंपियनशिप में 23 वर्ष या 23 वर्ष के ऊपर सीनियर वर्ग के 15 पुरुष, 10 महिला खिलाड़ी, 02 कोच, 02 निर्णायक और 01 फेडरेशन अधिकारी सहित 30 भारतीय सदस्य भाग ले रहे है। जबकि वर्ल्ड स्कूल म्यूथाई चैंपियनशिप में स्कूलों में अध्ययनरत जो 18 वर्ष के अंदर के 12 पुरुष, 05 महिला कुल 17 खिलाड़ी भाग लेंगे इनके साथ 01 कोच भी जाएंगे इस तरह 18 सदस्यीय स्कूली दल भी भाग ले रहा है। उल्लेखनीय है कि कु समिधा, युवराज और अमन यादव 22 जून को भारत लौट आएंगे जबकि टिकेश्वरी और प्रवीण 27 जून को भारत लौटेंगे।

राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू, महासचिव अनीस मेमन, अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई खिलाड़ी प्रणिता मेश्राम, शुभम निषाद, राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रियंका साहू खिलाड़ियों के परिजनों आदि ने रेल्वे स्टेशन रायपुर और स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन कर भारत के लिए पदक जीतने हेतु शुभकामनाएं देते हुए परंपरागत तरीके से विदाई दी।

### एशिया फेंसिंग चैंपियनशिप मे छत्तीसगढ़ को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी





**रायपुर।** भारतीय फेंसिंग एसोसिएशन द्वारा राजधानी दिल्ली भारत मंडपम मे 18 जून से 24 जून तक एशियन सीनियर फेंसिंग चैंपियन्सशिप 2026 का आयोजन किया जा रहा हैं। उक्त आयोजन मे छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग से राजधानी रायपुर के अखिलेश दुबे, कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन,को मिडिया प्रभारी एवं प्रवीण कुमार गनवारे (एनआईएस) को टेक्निकल ऑफिशियल की जिम्मेदारी दी गई हैं। उक्त नियुक्तियां पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री एस प्रकाश (आईएएस), अजित सिंह पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष, बशीर अहमद खान, उपाध्यक्ष, राम दास अग्रवाल, श्री रामप्रताप गुप्ता, निखिल जम्भुलकर और मोहनीश वर्मा ने बधाई दी हैं।

### स्वास्थ्य विशेषज्ञ बढ़ते कोलेस्ट्रॉल को लेकर चिंतित

# हाई कोलेस्ट्रॉल के इन लक्षणों को बिल्कुल न करें अनदेखा, थोड़ी सी भी लापरवाही पड़ सकती है भारी

कोलेस्ट्रॉल एक मोम, वसा जैसा पदार्थ है जो शरीर की सभी कोशिकाओं में पाया जाता है। कोलेस्ट्रॉल का स्तर जब सामान्य से अधिक हो जाता है तो इसके स्वास्थ्य पर कई दुष्प्रभाव हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के लक्षणों के बारे में बताते हैं, जिनपर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी है। इन्हें अनदेखा करना आपके लिए बड़ी मुसीबतों का कारण बन सकता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ना आपकी सेहत के लिए काफी समस्याकारक हो सकता है। कोलेस्ट्रॉल एक मोमी, वसा जैसा पदार्थ है जो शरीर की सभी कोशिकाओं में पाया जाता है। यह स्वस्थ कोशिकाओं के निर्माण, हार्मोन्स, विटामिन डी और पाचन में सहायता करने वाले पदार्थों के उत्पादन के लिए आवश्यक है। हालांकि, कोलेस्ट्रॉल का स्तर जब सामान्य से अधिक हो जाता है तो इसके स्वास्थ्य पर कई दुष्प्रभाव हो सकते हैं। यही कारण है कि सभी लोगों को कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखने वाले उपाय करते रहने की सलाह दी जाती है। हाई कोलेस्ट्रॉल का स्तर हृदय रोगों का कारण बन सकता है, पर इसके दुष्प्रभाव यहीं तक सीमित नहीं है। अगर इसे अनदेखा कर दिया जाए तो कई अन्य गंभीर और जानलेवा समस्याएं भी खड़ी हो सकती हैं।



### कम उम्र के लोगों में भी देखी जा रही है हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या

आमतौर पर कोलेस्ट्रॉल का नाम सुनते ही लोगों को लगता है कि यह सिर्फ बढ़ती उम्र या मोटापे से जुड़ी स्थिति है, लेकिन सच्चाई इससे कहीं अधिक गंभीर है। हाई कोलेस्ट्रॉल रक्त वाहिकाओं को जाम कर सकता है जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी जानलेवा समस्याओं का खतरा पैदा हो जाता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की दिक्कत सिर्फ उम्र बढ़ने से संबंधित नहीं है, कम उम्र यहां तक कि 20 की आयु वालों में भी हाई कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत देखी जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसके कुछ लक्षणों के बारे में बताते हैं, जिनपर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी है। इन्हें अनदेखा करना आपके लिए बड़ी मुसीबतों का कारण बन सकता है।



यहां गौर करने वाली बात ये भी है कि अधिकतर मामलों में हाई कोलेस्ट्रॉल के कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते, लेकिन शरीर कुछ संकेत जरूर देता है, जिन्हें पहचानना बेहद जरूरी है। कई मेडिकल शोधों के अनुसार, ये संकेत समय रहते दिख जाएं तो गंभीर जोखिमों को टाला जा सकता है।

### आंखों के आस पास दें ध्यान

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का सबसे आम लक्षण आंखों के चारों ओर पीला जमाव है। आंखों की पलकों या आसपास की त्वचा पर पीले या सफेद वसायुक्त धब्बे दिखना कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का संकेत हो सकता है। यह लिपिड डिसऑर्डर से जुड़ा होता है। अगर आप इस तरह के लक्षणों को देख रहे हैं तो इसे अनदेखा न करें।

### हाथ-पैरों में सुन्नपन या झुनझुनी



हाई कोलेस्ट्रॉल की स्थिति रक्त प्रवाह को बाधित करने लगती है जिससे नसों में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। ये समस्या अगर लंबे समय तक बनी रहती है तो इसके कारण हाथों-पैरों में सुन्नपन या झुनझुनी हो सकती है। यह धमनियों में रुकावट की ओर इशारा करता है। हाथों-पैरों में होने वाली इस समस्या के बारे में डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

### छाती में दर्द या भारीपन

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से सबसे ज्यादा खतरा हृदय स्वास्थ्य को रहता है। धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमने से दिल को पर्याप्त रक्त नहीं मिल पाता, जिससे सीने में दर्द या दबाव महसूस हो सकता है। व्यायाम के दौरान ये दिक्कत अधिक महसूस होती है। इसी तरह सामान्य चलने-फिरने में भी सांस फूलना इस बात का संकेत हो सकता है कि हृदय को पूरी क्षमता से काम करने में दिक्कत हो रही है। इन स्थितियों में डॉक्टर की सलाह पर कोलेस्ट्रॉल की जांच जरूर करा लें।



## इंटरमिटेंट फास्टिंग में भूखे रहने से वजन कम होगा या सेहत बिगड़ेगी

इंटरमिटेंट फास्टिंग आज के समय में फिटनेस और वेट लॉस की दुनिया में एक बेहद लोकप्रिय ट्रेंड बन चुका है। आपने इसका नाम अक्सर सुना होगा, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह वास्तव में कैसे काम करता है और इसके फायदे और नुकसान क्या हैं? दरअसल, इंटरमिटेंट फास्टिंग कोई डाइट नहीं बल्कि खाने का एक पैटर्न है, जिसमें व्यक्ति कुछ समय तक फास्ट करता है और फिर एक निश्चित समय विंडो में भोजन करता है। यह तरीका शरीर के मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने, वजन कम करने और ओवरऑल हेल्थ सुधारने में मदद कर सकता है। हालांकि, हर व्यक्ति के लिए यह जरूरी नहीं कि समान रूप से फायदेमंद हो। गलत तरीके से इसे अपनाने पर कमजोरी, थकान और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं। ऐसे में इसका सही तरीका जानना बेहद जरूरी है। आइए विस्तार से समझते हैं इसके फायदे, नुकसान और सही तरीका।

### पहले जान लें इंटरमिटेंट फास्टिंग के फायदे और नुकसान फायदे



वजन कम करने में मदद करता है। मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाता है। इंसुलिन सेंसिटिविटी सुधार सकता है। शरीर की डिटॉक्स प्रक्रिया को सपोर्ट करता है। एनर्जी लेवल और फोकस बढ़ा सकता है

### नुकसान

शुरुआत में कमजोरी और थकान हो सकती है। सिरदर्द और चिड़चिड़ापन महसूस हो सकता है। लंबे समय तक भूखा रहने से ओवरईटिंग का खतरा है। हर व्यक्ति के लिए उपयुक्त नहीं है।

### इंटरमिटेंट फास्टिंग का सही तरीका

इंटरमिटेंट फास्टिंग को सही तरीके से अपनाना बेहद जरूरी है, क्योंकि गलत तरीके से इसे करने पर शरीर पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। यह केवल खाने-पीने का पैटर्न नहीं है, बल्कि एक लाइफस्टाइल बदलाव है, जिसे धीरे-धीरे अपनाना चाहिए।

### 16:8 या 14:10 पैटर्न से शुरुआत करें

इंटरमिटेंट फास्टिंग में सबसे लोकप्रिय तरीका 16:8 पैटर्न है, जिसमें आप 16 घंटे उपवास रखते हैं और 8 घंटे की विंडो में भोजन करते हैं। शुरुआती लोग 14:10 पैटर्न से शुरू कर सकते हैं, ताकि शरीर धीरे-धीरे इस बदलाव के लिए एडजस्ट हो सके। अचानक लंबा फास्ट रखने से कमजोरी, चक्कर और थकान हो सकती है।

## प्याज की बदबू हाथों से जाती नहीं तो आजमाकर देखें मेटल सोप

खाना बनाना और खाना हर किसी को पसंद होता है, लेकिन खाना बनाते वक्त कुछ चीजों से आने वाली बदबू के कारण अधिकतर महिलाएं परेशान रहती हैं। अगर आप भी किचन में खाना बनाते वक्त प्याज-लहसुन या नॉन वेज के कारण आने वाली बदबू की वजह से परेशान रहती हैं, तो अब आपको और परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आपको मेटल सोप के बारे में जानना चाहिए, जिसका इस्तेमाल कर आप इन बदबू से राहत पा सकती हैं। जानकारी के मुताबिक जो साधारण साबुन आप अपने घर में हाथ धोने या नहाने के लिए इस्तेमाल करती हैं उसमें आपको सोडियम या पोटेशियम नाम के केमिकल देखने को मिल सकते हैं, जिससे ये पानी में आसानी से घुल जाते हैं और झाग देने लगते हैं। वहीं बात करें मेटालिक सोप की तो यह एक धातु वाला साबुन है। जो कैल्शियम, जिंक, एल्युमीनियम जैसी धातुओं से बना हुआ है। यही कारण है की यह लम्बे समय तक चलता है और आसानी से नहीं घुलता है।

### लहसुन-प्याज की बदबू से पाएं छुटकारा

अगर आप लहसुन, प्याज, मछली या किसी भी ऐसी चीज की बदबू से परेशान हैं, तो अब आप मेटल सोप या स्टेनलेस स्टील साबुन का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप अपने किचन में इस साबुन को जरूर रखें और जब आपके हाथों से खाना बनाने के दौरान लहसुन प्याज की बदबू आए, तब आप इस साबुन से अपने हाथों को धो सकती हैं। यही नहीं आप इस साबुन का इस्तेमाल कर हाइजीन बनाए रख सकती हैं।



### मेटल सोप का इस्तेमाल

बता दें कि यह स्टेनलेस स्टील साबुन आपके हाथों से बदबू को बेअसर करने में आपकी मदद करेगी। हाथों से बदबू को कम करने के साथ साथ अगर आप इस मेटल सोप का इस्तेमाल करती हैं, तो यह आपके हाथों से बैक्टीरिया को भी दूर करने में काफी मदद करेगा। इस साबुन की मदद से आप अपने किचन की भी सफाई कर सकती हैं। इस साबुन से आप गैस स्टैंड भी साफ कर सकती हैं, इससे किचन में होने वाले बैक्टीरिया दूर होंगे।

## ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय न करें ये गलतियां

ऑफिस डेस्क पर फूल रखना बहुत अच्छा होता है, लेकिन अक्सर लोग ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय वास्तु से जुड़ी गलतियां कर देते हैं जिसके कारण नकारात्मक परिणाम झेलने पड़ जाते हैं। ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि हमेशा फूलों का मुख आपकी तरफ हो यानी कि फूल आपकी ओर झुके हुए हों न कि किसी अन्य दिश की ओर, नहीं तो इससे सकारात्मकता दूसरी ओर चली जाती है और आपकी तरफ नकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ता है। ऑफिस डेस्क पर फूल रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि फूल मुरझाए हुए न हों। अगर अप फूल रखते हैं तो उनके मुरझाने से पहले ही बदल लें नहीं तो इससे न सिर्फ नकारात्मकता बढ़ती है बल्कि वास्तु शास्त्र के अनुसार, सफलता प्राप्ति में भी दिक्कतें आनी शुरू हो जाती हैं।

## आपका बच्चा स्कूल जा रहा तो उसे कुछ बातें जरूर सिखाएं, बनेगा बेस्ट स्टूडेंट

गर्मियों की छुट्टियां अब खत्म हो चुकी है। ज्यादतर स्कूल खुल चुके हैं या फिर 1 जुलाई से खुलेंगे। ऐसे में छुट्टियों का लुत्फ उठा रहे बच्चों को शुरुआती दिनों में स्कूल जाने में कुछ दिक्कते आ सकती हैं। बच्चों की छुट्टियां खत्म होने के साथ ही अब समय हैं उन्हें फिर से एक अनुशासित रूटीन में लाने का और कुछ जरूरी कौशल सिखाने का। छुट्टियों के आखिरी कुछ दिन बेहद अहम होते हैं, जो बच्चे के मन, आदत और आत्मनिर्भरता को मजबूत बना सकते हैं। कुछ जरूरी बातें आपके जहन में होनी चाहिए, जो बच्चे को स्कूल शुरू होने से पहले जरूर सिखानी चाहिए।



***रूटीन में लौटने की आदत डालें*** : गर्मियों की छुट्टी में कुछ बच्चे सुबह देर से उठने लगते हैं। इसके साथ ही उनका दिन स्क्रीन टाइम में अधिक रहता है। छुट्टियों का रूटीन और स्कूल डे का रूटीन अलग-अलग होता है। स्कूल खुलने वाले हैं तो धीरे-धीरे उन्हें स्कूल टाइम रूटीन की आदत दिलाएं। इसमें सुबह समय पर उठना, ब्रश करना, नहाना और नाश्ता करना शामिल है।

***खुद से लंच करना*** : घर पर तो रोज माता-पिता या दादी-नानी बच्चे को खाना खिलाते हैं लेकिन स्कूल में अपने लंच को संभालना, टिफिन को खोलना और खुद से खाना खाना होता है। उसे खुद से लंच करना, टिफिन खोलना-बंद करना और खाना गिराए बिना खाना सीखे। साथ ही रुमाल का उपयोग, खाने से पहले और बाद में हैंड वॉश और खाने के बाद हाथ पोंछना भी सिखाएं।












## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मैथ्यू पेरी डेथ केस में आया अपडेट, निजी सहायक इवामासा को 41 महीने की सजा



अभिनेता मैथ्यू पेरी मामले में उनके निजी सहायक केनेथ इवामासा ने अपना जुर्म अदालत के सामने स्वीकार कर लिया है। इसके बाद उन्हें कड़ी सजा सुनाई गई। मशहूर अभिनेता मैथ्यू पेरी ड्रग ओवरडोज की वजह से जिंदगी से हार गए थे। इस मामले के आरोपी केनेथ इवामासा ने अपना गुनाह को कुबूल कर लिया है। उन्होंने अदालत के सामने मैथ्यू को केटामाइन देने की बात स्वीकार की, जिसमें वो डोज भी शामिल हैं जो पेरी की मौत का कारण बनी। एक्टर मैथ्यू पेरी के निजी सहायक पर उन्हें ड्रग की घातक डोज उपलब्ध कराने के आरोप हैं। इस मामले में केनेथ इवामासा ने खुद अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि मैथ्यू को केटामाइन का इंजेक्शन उन्होंने ही दिया था। इसके बाद इस मामले में पांच लोगों पर चल रहे मुकदमे का अंत हो गया। इस पर न्यायाधीश शेरिलिन गार्नेट ने आरोपी केनेथ इवामासा को 41 महीनों की सजा सुनाई। इससे पहले जसवीन संघा ने भी अपना गुनाह कुबूल कर लिया था। उन्होंने अदालत से कहा था, 'इस दुखद घटना की वजह बने हालात में मैंने जो भूमिका निभाई और जो काम किए मैं उनकी पूरी जिम्मेदारी लेती हूं। मैं समझती हूं कि मेरा बर्ताव यानी ड्रग्स का धंधा चलाना और उसी रास्ते पर चलते रहना लापरवाही भरा, खतरनाक और गलत था'। अदालत ने जसवीन को 15 साल की सजा सुनाई थी। हॉलीवुड एक्टर मैथ्यू पेरी का साल 2023 में निधन हो गया था। उन्हें उनके लॉस एंजिल्स स्थित घर पर मृत पाया गया था, जिसके बाद मौत के कारण की जांच हुई।

### टॉलीवुड

## अक्किनेनी की 'लेनिन'फिर टली, फैसले के पीछे की वजह को लेकर हो रही चर्चा



अखिल अक्किनेनी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लेनिन' की रिलीज एक बार फिर टल गई है। यह तीसरी बार है जब फिल्म की रिलीज डेट बदली गई है। फिल्म 'लेनिन' पहले 26 जून को सिनेमाघरों में आने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे बढ़ा दिया गया है। मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। इस बार फिल्म टालने की सबसे बड़ी वजह राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' का शानदार प्रदर्शन बताया जा रहा है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है और दुनियाभर में लगभग 400 करोड़ रुपये के करीब पहुंच रही है। मेकर्स का कहना है कि 'पेद्दी' अभी सिनेमाघरों में अच्छा चल रही है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा स्क्रीन उसी को मिल रही हैं। ऐसे में 'लेनिन' को थोड़ा आगे बढ़ाना सही फैसला लगा। अखिल अक्किनेनी की मच अवेटेड फिल्म लेनिन का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। लेकिन मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट को फिर से आगे बढ़ा दिया है। अब फिल्म 10 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके साथ मेकर्स ने वजह का भी खुलासा किया है। फिल्म के प्रोड्यूसर नागार्जुन ने एक्स पर नई रिलीज डेट का ऐलान करते हुए लिखा कि टीम ने उनसे थोड़ा और समय मांगा था ताकि फिल्म को और बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने लिखा, 'लेनिन की टीम मेरे पास आई और कहा कि उन्हें फिल्म को 100% देने के लिए थोड़ा और वक्त चाहिए। उनके जुनून को देखकर मैंने हां कर दी। हमारा लड़का 10 जुलाई को आ रहा है। इस बार आपको एक नया अखिल देखने को मिलेगा।' इस फिल्म को डायरेक्टर मुरली किशोर अब्बुरु ने बनाया है, जिसमें भाग्यश्री बोरसे फीमेल लीड में हैं। फिल्म को नागार्जुन और सूर्यदेवरा नागा वंशी ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

### भोजपुरी

## पिया रखी सेनूरा के लाज' ट्रेलर में बोली पत्नी- मैं मां नहीं बन सकी



पारिवारिक भोजपुरी सिनेमा की फिल्म 'पिया रखीह सेनूरा के लाज' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म की कहानी एक ऐसे दंपती के इर्द-गिर्द घूमती है, जो निःसंतान होने के कारण समाज के तानों और पारिवारिक दबावों का सामना कर रहा है। अब रुक्मणि सरपंच के सामने कहती हैं- जब इनको पता लगा कि मैं मां नहीं बन सकती तो ये मेरी बहन के साथ अय्याशी करने लगे।

भोजपुरी सिनेमा की पारिवारिक फिल्म 'पिया रखीह सेनूरा के लाज' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये एक इमोशनल और पारिवारिक कहानी है जिसमें प्रेम, त्याग, पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक दबावों के बीच संघर्ष दिखाई गई है। ये सीधे दर्शकों के दिलों को छूने में सफल दिख रही, जो एक साफ-सुथरी भोजपुरी फिल्म नजर आ रही है। फिल्म की कहानी एक ऐसे दंपती के इर्द-गिर्द घूमती है, जो निःसंतान होने के कारण समाज के तानों और पारिवारिक दबावों का सामना कर रहा है। परिस्थितियां तब और जटिल हो जाती हैं, जब परिवार के भीतर लिया गया एक कठिन फैसला रिश्तों की नींव को हिला देता है। ट्रेलर में कई भावुक और रोमांचक दृश्य देखने को मिलते हैं, जो यह सवाल छोड़ जाते हैं कि क्या यह दंपती अपने रिश्ते की गरिमा और सिंदूर की लाज को बचा पाएगा या नहीं। यही बातें फिल्म को और अधिक आकर्षक बनाती हैं।

### पर्यावरण के लिए

**लाइफ स्टाइल**



मारिया ग्राज़िया चियूरी का डियोर के लिए स्प्रिंग-समर रेडी टू वियर कलेक्शन पेरिस फैशन वीक में रनवे पर पेश किया गया। खास बात यह रही कि इस शो ने किसी को निराश नहीं किया। यह कलेक्शन क्रिश्चियन डियोर की बहन, कैथरीन डियोर की तस्वीरों से प्रेरित रहा, जो परिवार के बगीचों की देखभाल करती थीं। इस कलेक्शन के कपड़ों पर न सिर्फ़ पेड़-पौधे और जीव-जंतुओं के डिज़ाइन दिखाए गए, बल्कि डिज़ाइनर ने शो की मंच-सज्जा के लिए शानदार काम किया।

## बरसात में चेहरे की करें खास तरीके से हिफाजत, पिंपल्स और दाग-धब्बे करें दूर

जून का महीना चल रहा है, ऐसे में बारिश कभी-कभी दस्तक दे रही है। हालांकि अभी अच्छी तरह बारिश शुरू नहीं हुई है लेकिन कई संवेदनशील लोगों की त्वचा इस प्री-मानसून बारिश पर भी काफी डैमेज हो जाती है। ऐसे में स्किन का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। यदि आप भी अपने चेहरे की चमक को खोना नहीं चाहते तो बारिश के मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखें। यहां हम आपको मानसून में स्किन केयर करने के लिए कुछ टिप्स देने जा रहे हैं, ताकि आपका चेहरा भी खिला-खिला रहे।

### त्वचा को रखें साफ

बारिश के मौसम में स्किन को साफ रखना बेहद जरूरी है। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो इसकी वजह से फंगल इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाएगी। इस मौसम में त्वचा पर गंदगी काफी चिपकती है, इसलिए शाम को सोने से पहले भी एक बार नहा लें। अगर नहा नहीं पा रहे हैं तो अपने चेहरे को माइल्ड



क्लींजर की मदद से अच्छे से साफ करें।

### मॉइश्चराइजर है जरूरी

बारिश के मौसम में त्वचा काफी चिपचिपी हो जाती है, ऐसे में लोग मॉइश्चराइज का इस्तेमाल करना बंद कर देते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। इस मौसम में हल्के और जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें, ताकि आपकी स्किन हाइड्रेट रहे। ऐसा न करने पर त्वचा की नमी खोने लगेगी।

### सनस्क्रीन को तो बिल्कुल न भूलें

बारिश के मौसम में भले ही धूप काफी कम हो जाती है, लेकिन यदि आप सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो इससे आपकी डैमेज होने लगेगी। इसलिए बारिश के मौसम में भी सनस्क्रीन को अपना दोस्त बनाकर रखएं, ताकि धूप की किरणें आपको नुकसान न पहुंचा सकें।

### हफ्ते में दो बार स्क्रब

बारिश का मौसम शुरू होने से पहले ये जान लें कि इस मौसम में हफ्ते में कम से कम दो बार स्क्रब करना बेहद जरूरी है। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपकी स्किन की डीप क्लीनिंग नहीं हो जाएगी, जिस कारण चेहरे पर मुंहासों जैसी दिक्कते बढ़ सकती हैं।

हफ्ते में एक बार फेस पैक लगाएं

त्वचा को दमकाने के लिए हफ्ते में कम से कम एक बार अपनी स्किन टाइप के हिसाब से फेस पैक इस्तेमाल करें।

## ऑफिस और कॉलेज में चाहिए न्यू लुक, तो कुर्ती इस तरह करें स्टाइल



कुर्ती ऑफिस और कॉलेज में पहनने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन है। अगर आप कुर्ती में सुंदर नजर आना चाहती हैं, तो इस आर्टिकल में दी गई स्टाइलिश टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।



हर महिला चाहती है कि वह खूबसूरत और सबसे अलग दिखे। इसके लिए व यूनिक लुक अपनाना पसंद करती है। अगर आप भी ऐसा चाहती हैं, तो आप कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। कुर्ती न सिर्फ स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है, बल्कि इसमें आप कंफर्टेबल भी रहती हैं। अगर आप ऑफिस या कॉलेज जाने के दौरान कुर्ती स्टाइल करने का सोच रही हैं और न्यू लुक चाहती हैं, तो आप इस आर्टिकल में दिखाई गई कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड कुर्ती



अगर आप अपने ऑफिस में अलग नजर आना चाहती हैं, तो आप इस तरह की खूबसूरत प्रिंटेड कुर्ती वियर कर सकती हैं। इस कुर्ती में आपका लुक सुंदर नजर आएगा और आप अलग भी नजर आएंगी। यह कुर्ती आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों जगहों से ले सकती हैं और ये आपको इन दोनों ही जगहों पर सस्ते दाम में मिल जाएंगी। इस कुर्ती को आप पेंट स्टाइल सलवार के साथ वियर कर सकती हैं। साथ ही, एक्सेसरीज में झुमके और फुटवियर में आप फ्लैट्स स्टाइल कर सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंटेड कुर्ती

अगर आप कॉलेज गोइंग गर्ल है और एक जैसे कपड़ें पहनकर बोर हो गया है, तो आप फ्लोरल प्रिंट कुर्ती का चुनाव कर सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट कुर्ती काफी ट्रेंड में है और इस तरह की कुर्ती में आपका लुक अलग और सुंदर भी नजर आता है। इस कुर्ती को आप कई सारे डिजाइन ऑप्शन बाजार से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं। इस तरह की कुर्ती में स्टाइलिश नजर आने के लिए आप लॉन्ग इयरिंग्स और फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं।

## बार-बार सिर पसीने से भीग जाता है तो ये नुस्खे आजमाएं

मौसम चाहे गर्मी हो या फिर बारिश का, पसीने और चिपचिपेपन से ज्यादातर लोग परेशान रहते हैं। दिक्कत तब आती है, जब पसीना आना रुकता ही नहीं है। शरीर पर आए पसीने को तो हम लोग पाउडर लगाकर रोक लेते हैं। उसकी बदबू दूर करने के लिए परफ्यूम इस्तेमाल कर लेते हैं, पर दिक्कत सामने आती है उन लोगों के जिनके स्कैल्प यानी कि सिर पर पसीना आता है। स्कैल्प पर पसीना आने पर आप सिर्फ बालों को धोकर इस परेशानी से निजात पा सकते हैं और हर दिन बाल धोना संभव नहीं है।

### एलोवेरा जेल

यदि आपके घर में एलोवेरा का पौधा लगा है तो उसके इस्तेमाल से आप स्कैल्प का पसीना सुखा सकते हैं। इसके लिए बाल धोने से पहले अपने स्कैल्प पर अच्छी तरह से ताजा एलोवेरा जेल अप्लाई करें। 20 मिनट के बाद अपने बालों को धो लें और फिर असर देखें। एलोवेरा जेल में पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल और कूलिंग तत्व पसीने को रोकते हैं और पसीने की बदबू को भी कम करते हैं।



### नीम का पानी

यदि आपके घर के पास नीम का पेड़ लगा है तो इससे बेहतर विकल्प आपके लिए हो नहीं सकता। दरअसल, नीम एंटीसेप्टिक होता है, इसलिए इसके इस्तेमाल से स्कैल्प पूरी तरह से साफ भी होगा और पसीना भी थम जाएगा। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले नीम की पत्तियों को धोकर उबाल लें। अब इस पानी को ठंडा करके इससे सिर धोएं। इससे आपको अवश्य ही राहत मिलेगी। हर घर में विनेगर तो होता ही है। ऐसे में आप इसके इस्तेमाल से भी स्कैल्प के पसीने को रोक सकते हैं। दरअसल, ये स्कैल्प का pH बैलेंस करता है।

## कड़ा पायल डिजाइन आपके पैरों की खूबसूरती में लगा देंगे चार चांद

चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के साथ-साथ अधिकतर महिलाएं हाथ और पैर की खूबसूरती को भी बरकरार रखने के लिए कई प्रयास करती हैं। आप भी अपने पैरों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं तो खूबसूरत कड़ा पायल डिजाइन आपके लिए है, जिन्हें देखते ही आपका उस पर दिल आ जाएगा।

### विंटेज कड़ा एंकल ब्रेसलेट

ट्रेडिशनल से लेकर एथेनिक आउटफिट तक पायल हर तरह की ड्रेस और साड़ी के साथ आपके लुक को खास बनाने में बहुत मदद करती है। ऐसे में आप इस खूबसूरत विंटेज कड़ा एंकल ब्रेसलेट को ट्राई कर अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ा सकती है। इस तरह के पायल आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं।

### फूट कड़ा एंकल ब्रेसलेट

यही नहीं आप अगर डेली वियर में कड़ा पायल पहनना चाह रही है, तो आपके लिए यह खूबसूरत ऑक्सिडाइज फूट कड़ा एंकल ब्रेसलेट एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इसे भी आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से



खरीद सकती हैं। डेली वेयर के अलावा आप इसे किसी भी फंक्शन में अपने ट्रेडिशनल या एथनिक आउटफिट के साथ भी शामिल कर सकती हैं।

### कस्टमाइज्ड कड़ा पायल

अपने लुक को भीड़ से हटकर दिखाने के लिए और अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए आप इस खूबसूरत कस्टमाइज्ड कड़ा पायल को भी ट्राई कर सकती है। इसकी डिजाइन आपके लुक को स्टाइलिश बनाने के साथ-साथ आपके पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगा देगी।

### कार्नर न्यूज

**ज्यातार लड़किए जल्दबाजी में कर देती हैं कुछ फैशन मिस्टेक**

## कॉर्पोरेट लुक को सबसे अलग और यूनिक बनाने की हसरत में कुछ गलतियों से बचें, बढ़ेगी रौनक

अपने कॉरपोरेट लुक को खास बनाने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। वे अपने आउटफिट से लेकर मेकअप और एक्सेसरीज तक हर एक चीज परफेक्ट तरीके से डिसाइड करती हैं। ऐसे में अगर आप भी कॉरपोरेट लुक को खास बनाने के लिए काफी कोशिशें करती है, तो आपको कुछ ऐसी फैशन मिस्टेक से बचना होगा, जो अधिकतर लड़कियां कर देती है।

इन फैशन मिस्टेक को करने से बचे अगर आप भी अपने कॉर्पोरेट लुक को सबसे अलग और यूनिक बनाना चाहती हैं, तो कुछ गलतियों को करने से बचे। सबसे पहला और जरूरी आप हमेशा एक जैसे कपडे और एक ही कलर के कपडे पहनने के बजाय कुछ यूनिक और नया जरूर ट्राई करें। आप ना तो ज्यादा टाइट कपडे पहने और ना ही ज्यादा ढीले कपडे पहने। यही नहीं आप चाहें तो न्यूट्रल कलर्स के कपड़े भी शामिल कर सकती हैं।

### ड्रेस के साथ फुटवियर का भी रखें ध्यान

कॉर्पोरेट माहौल में आपकी ड्रेसिंग



सेंस बहुत मायने रखती हैं। ऐसे में अगर आपने कपड़े अच्छे पहने हैं, लेकिन फुटवियर आपके कपड़ों से मेल नहीं खा रहा है, तो इससे भी आपका कॉर्पोरेट लुक ख़राब हो सकता है। अगर आप फॉर्मल ड्रेस पहन रही हैं, तो अपने फॉर्मल लुक के साथ आप फॉर्मल शूज हील्स या साफ और पॉलिश किए हुए लेदर बूट्स पहन सकती हैं।

### खूबसूरत एक्सेसरीज का करें चुनाव

इसके अलावा जब भी आप ऑफिस में पहनने के लिए कपड़े चुने तो लाउड प्रिंट्स और चमकीले रंग के कपड़े पहनने से बचे। ऐसे कपडे भी आपके लुक को ख़राब कर सकते हैं। इसके अलावा आप अपने कॉर्पोरेट लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए अपने आउटफिट के हिसाब से खूबसूरत एक्सेसरीज भी चुन सकती हैं। एक्सेसरीज का गलत चुनाव आपके लुक को ख़राब कर सकता है।

### हैवी मेकअप करने से बचे

इसके अलावा आप हमेशा अपने स्किन टोन के हिसाब से ही मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें और ऑफिस में हैवी मेकअप करने के बजाय लाइट मेकअप करें। ऑफिस में अगर आप हैवी मेकअप कर के जाती हैं।

